9- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/9/2025 12:26 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 39.4 डिग्री

न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 मई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

व्यापार विहार सड़क पर लगे लोहे के ग्रिल को असामाजिक तत्वों ने गायब कर दिया है।

खबर संक्षेप

लाखों खर्च कर बनाया गया चौराहे का झरना बंद

बिलासपुर। शहर का सौंदर्यीकरण करने शासन द्वारा राजेन्द्र नगर चौक पर लाखों रुपए खर्च कर पानी का झरना बनाया गया था, जिसमें आकर्षक लाइट सहित चारों तरफ लोहे के एंगल लगे हुए थे। साथ ही इसके चारों तरफ रंग-रोगन किया गया था। रात होते ही रोशनी से पूरा चौराहा जगमगा उठता था। रंग-बिरंगी लाइटें लोगों को आकर्षित करती थीं, लेकिन देखभाल के अभाव में लाखों रुपए की लागत से बनाया गया झरना कबाड़ में तब्दील हो चुका है। सुरक्षा के लिए लगाए लोहे के एंगल भी गायब हो चुके हैं।

पौनी पसारी बना शराबखोरी का अड्डा

बिलासपुर। शहर के व्यापार विहार क्षेत्र में पौनी पसारी का निर्माण कराया गया है। जहां सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे का वितरण कर दिया गया है, जिसके आसपास के रहवासियों को सब्जी आदि के लिए दूर जाने की जरूरत न पड़े। देखभाल के अभाव और दुकानों का संचालन न होने के कारण यह शराबखोरी का अड्डा बन चुका है। शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है।

एयरपोर्ट बंद का असर : दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों में बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाकिस्तान पर हमले के बाद सभी स्थानों के साथ रेलवे स्टेशनों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही दिल्ली सहित अन्य रूट की ओर जाने वाली फ्लाइट भी एयरपोर्ट बंद के कारण यात्रियों को सुविधा नहीं मिल रही है। इसका असर ट्रेनों में हो गया है, जिसमें सफर करने के लिए यात्रियों को मजबूरी में वेटिंग टिकिट भी लेनी पड़ रही है।

गर्मी की छुट्टियां शुरु होने के साथ ही बाहर आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में काफी बढ़ने लगी है। ट्रेनों के लेट लतीफी और अचानक रद्द किए जाने के कारण भी यात्री परेशान हो रहे हैं। वर्तमान में ट्रेनों की ऐसी स्थिति है कि मुम्बई, पुणे, शिरडी के अलावा हावड़ा की ओर जाने वाली ट्रेनें पैकमपैक चल रही हैं, जिसमें सफर करने के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकिट मिलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं बिहार जाने वाली ट्रेनों में दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस की वेटिंग 120 से अधिक, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में 98 से अधिक, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस में 80 से अधिक, दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस में 78 से अधिक वेटिंग के कारण यात्रियों की बुकिंग वेटिंग टिकिट क्लीयर नहीं हो पा रही है। गर्मी से बचने के लिए यात्री स्लीपर से अधिक एसी कोच में सफर के लिए आरक्षण कार्यालय के साथ आनलाइन बुकिंग कर रहे हैं, जिसमें ज्यादातर यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिलने की वजह से किराए की राशि वापस लेनी पड़ रही है। यात्रियों की अधिक भीड़ होने के कारण स्लीपर के साथ एसी कोच की वेटिंग ने भी शतक का आंकड़ा पार कर दिया है। यह आंकड़ा पिछले दो तीन दिन में काफी बढ़ गया है। इसका कारण है कि कुछ दिन पहले पाकिस्तान में हमले के बाद देश के सभी मुख्य स्थानों के अलावा रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। शुक्रवार की सुबह तो देश के सभी एयरपोर्ट को बंद करने का आर्डर भी जारी कर दिया है, जिसकी वजह से फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों का रूख अब ट्रेनों की ओर हो गया है। यात्रियों की अचानक भीड़ होने की वजह से बिलासपुर से हावड़ा, बिलासपुर से मुम्बई, बिलासपुर से चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली जाने वाली ट्रेनें फुल चल रही हैं, जिसमें कंफर्म टिकिट के लिए यात्रियों को मशक्कत करना पड़ रहा है।

तत्काल में भी वेटिंग आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी होने के साथ अब एयरपोर्ट बंद होने का असर भी ट्रेनों में हो रहा है। बाहर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिसकी वजह से तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को बड़ी मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रही है।

वेटिंग कम करने लगातार प्रयास रेलवे के अनुसार यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा भी दी जा रही है, ताकि यात्री आरामदायक सफर कर सकें। रेलवे ने वेटिंग कम करने के लिए जोन की ट्रेनों में 4200 से अधिक अतिरिक्त स्लीपर और एसी कोच लगवाया है। रेलवे में भीड़ कम करने के लिए कुल 4247 अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। इसमें स्लीपर के यात्रियों के लिए 3540 कोच, एसी थ्री के 522 कोच, एसी टू के 99 कोच और एसी फर्स्ट के 86 कोच उपलब्ध हैं, जिसमें लाखों की संख्या में वेटिंग यात्रियों की टिकिट आटोमेटिक कंफर्म हुई है।

ट्रेनों की वेटिंग

हावड़ा की ट्रेनें

12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 15, टू ए में 11, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के 3ए में 55, 2ए में 33, 12809 हावड़ा मेल के स्लीपर कोच में 60, थ्री ए 18, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस स्लीपर 50, थ्री ए 29, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 67, 2ए 29, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस स्लीपर 56, थ्री ए 55, 22905 ओखा-शालीमार स्लीपर 52, 3ए 18 की वेटिंग चल रही है।

मुम्बई की ट्रेनें

12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के स्लीपर में 29, एसी थ्री में 24, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 58, 2ए में 25, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के स्लीपर 98, थ्री ए 52, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी स्लीपर की वेटिंग 68, 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के स्लीपर 20, थ्री ए 58, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस स्लीपर 22, थ्री ए 66, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस स्लीपर 102, थ्री ए की 103, 12880 भुवनेश्वर एलटीटी स्लीपर कोच 58, थ्री ए 56 वेटिंग है।

दिल्ली व प्रयागराज की ट्रेनें

18477 उत्कल एक्सप्रेस के स्लीपर 150, थ्री ए 108, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस स्लीपर 122, एसी थ्री 18, 12823 छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति 70, थ्री ए 24, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 115 और एसी थ्री 55, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस स्लीपर कोच 140, एसी थ्री 111, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस स्लीपर 61, एसी थ्री 15 वेटिंग है।

बिलासा एयरपोर्ट में बढ़ी सुरक्षा

अब हर लगेज की दो बार हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाकिस्तान से तनाव के बाद केन्द्रीय एजेंसियों ने जारी की एडवाइजरी

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और युद्ध जैसी स्थिति निर्मित होने के बाद बिलासा एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। हर यात्रियों को 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने को कहा गया है, वहीं लगेज की जांच अब दो बार की जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों में भी मॉनिटरिंग की जा रही है।

पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बाद देश भर में सुरक्षा कड़ी की जा रही है, ऐसे में बिलासा एयरपोर्ट में भी सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबंद की गई है। दिल्ली, प्रयागराज, जबलपुर और कोलकाता से आने वाले फ्लाइट के यात्रियों के लगेज की जांच पुख्ता तरीके से की जा रही है, वहीं शहर से बाहर जाने वाले यात्रियों को 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उनके बैग और लगेज की जांच संभव हो सके। एयरपोर्ट डायरेक्टर एनबी सिंह ने बताया कि देश भर में एयरपोर्ट के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल पुलिस और अन्य एजेंसियों को दी जानी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई फ्लाइट प्रभावित नहीं हुई है।

दिल्ली की फ्लाइट पर पड़ सकता है असर

रात में फ्लाइट बंद

देश भर में जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार युद्ध के हालत को देखते हुए रात में फ्लाइट परिचालन बंद कर दिया गया है, हालांकि इसका असर बिलासा एयरपोर्ट पर नहीं पड़ा है, दरअसल बिलासा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है लेकिन रायपुर समेत देश भर के अन्य एयरपोर्ट में रात्रीकालीन हवाई यात्रा बंद कर दी गई है।

दिल्ली की फ्लाइट हो सकती है प्रभावित

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से दिल्ली समेत प्रयागराज, जबलपुर, जगदलपुर, कोलकाता के लिए फ्लाइट चलाई जाती है, दिल्ली के लिए अलग-अलग रूट से हफ्ते में 6 दिन फ्लाइट उपलब्ध है, लेकिन युद्ध के हालत को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे है कि दिल्ली की फ्लाइट प्रभावित हो सकती है, फिलहाल इसके लिए आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

जिंदा लोगों को मृत बताकर बीमा के निकलवाए 24 लाख, एजेंटों पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मैनेजर ने सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) की सीएबी शाखा मगरपारा में एक सनसनीखेज फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। बीमा एजेंट की सांठगांठ से पांच बीमा धारकों के नाम पर झूठे मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर पहले लाखों रुपये की मृत्यु दावा राशि प्राप्त की गई और फिर उन्हीं नामों पर नई बीमा पालिसी जारी कराकर दोबारा धोखाधड़ी की गई। इस घोटाले में निगम के तीन एजेंटों का नाम सामने आया है। इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई है। इस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मगरपारा स्थित एलआइसी के शाखा प्रबंधक अलबन टोप्पो ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े की शुरुआत तब हुई जब मस्तूरी क्षेत्र के ओखर में रहने वाली संतोषी साहू के नाम पर बीमा पालिसी ली गई थी। इसके तीन साल बाद संतोषी के पिता ने उसका मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर बीमा क्लेम किया। क्लेम के आधार पर उसके पिता नंद कुमार साहू ने छह लाख रुपये का मृत्यु दावा प्राप्त किया। बाद में जांच में पता चला कि संतोषी के नाम से फिर एक और पालिसी ली गई, जिससे संदेह की पुष्टि हुई। इसी तरह ममता पांडेय, बबला पांडेय, ईश्वर पांडेय और शिवकुमार पांडेय के नाम पर झूठे मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर पांच से आठ लाख तक के दावे किए गए और फिर उन्हीं नामों पर नई पालिसी ली गईं। एलआईसी की आंतरिक जांच में यह बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बताया जा रहा है कि सिविल लाइन पुलिस ने एफआईआर के कुछ ही घंटे के बाद मामले में आरोपी व यदुनंदन नगर निवासी राजेश कुमार शर्मा पिता कुंदन लाल शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

फर्जीवाड़ा को अंजाम देने में एजेंटों की मिलीभगत

एलआइसी के शाखा प्रबंधक ने बताया कि उनके एजेंट विजय पांडे, नरेश अग्रवाल, राजेश कुमार शर्मा और राशि सखूजा के माध्यम से बीमा पालिसियां लेकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है। एलआईसी की जांच में एजेंट की भूमिका संदिग्ध पाई गई। शाखा प्रबंधक ने एजेंट के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग की है। इधर पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

कार्रवाई की जा रही

एलआईसी के मैनेजर ने एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में एक आरोपी भी गिरफ्तार किया गया है, जिसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

- सुम्मत राम साहू, टीआई, सिविल लाइन

4 माह पहले भी सामने आया था मामला

सूत्रों के अनुसार एजेंट विजय पांडे और नरेश अग्रवाल के खिलाफ सिविल लाइन थाने में बीते नवंबर-दिसंबर में भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस दौरान प्रार्थियों ने करीब 34 लाख रूपए बीमा एजेंटों द्वारा निकलाने का मामला सामने आया है। आरोपीगण लंबे समय से फर्जीबाड़ा को अंजाम देने में लगे हुए हैं, लेकिन पुलिस अबतक मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

एनटीसीए की अनुमति लेकिन भीषण गर्मी से टला टाइगर का आना

दो मादा व्हाइट टाइगर को इंदौर के नर टाइगर का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन जू के एक व्हाइट टाइगर की हो चुकी है मौत

कानन पेण्डारी जू के तीन व्हाइट टाइगर में से एक व्हाइट टाइगर की मौत हो चुकी है, जिसके बाद अब दो टाइग्रेस बची हैं। इन टाइग्रेस की ब्रिडिंग और संख्या बढ़ाने के लिए कानन पेण्डारी जू में इंदौर से एक व्हाइट टाइगर को लाया जाना है। इसके लिए एनटीसीए ने भी अपनी अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण टाइगर का आना आगामी दिनों के लिए टाल दिया गया है।

कुछ दिन पहले कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या तीन थी, जिसमें दो मादा में से एक 10 वर्ष की बाघिन थी। वहीं एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर इसी टाइग्रेस से जन्म लिए थे। इनके परिवार में वंशवृद्धि करने के लिए कानन पेण्डारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क व्हाइट टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही टाइग्रेस की संतान थे, जिसके कारण इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन को रूचि नहीं थी। अन्य जू में व्हाइट टाइगर से ब्रीडिंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरु कर दी गई। मेल व्हाइट टाइगर को कानन जू में लाने के लिए देश के सभी जू प्रबंधक से संपर्क किया गया था, जिसमें कानन प्रबंधन को जानकारी मिली कि इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक है और उसे संग्रहालय देना चाह रहा है। कानन पेण्डारी प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर को इंदौर से कानन जू में लाने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर सीजेडए यानि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली को भेजा था। प्रबंधन के प्रस्ताव को सीजेडए की ओर से हरी झंडी दे दी गई। सीजेडए से प्रस्ताव पास होने के बाद कानन जू प्रबंधन ने इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन से चर्चा की, जिस पर व्हाइट टाइगर के कानन जू में भेजने के बाद भालू और चौसिंघा लेने पर सहमति बनी। इस सहमति के बाद इंदौर से कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर आने के बाद संख्या 3 से चार हो जाती, लेकिन कानन पेण्डारी जू में जन्म लिए व्हाइट टाइगर आकाश ने हार्ट अटैक के कारण दम तोड़ दिया। इसके बाद अब दो मादा व्हाइट टाइगर ही कानन पेण्डारी जू में बचे हुए हैं। इन मादा टाइगरों से वंशवृद्धि करने के लिए कानन पेण्डारी जू में इंदौर से व्हाइट टाइगर लाया जाना था, लेकिन भीषण गर्मी के कारण इस निर्णय को आगामी दिनों के लिए टाल दिया गया है।

बारिश में लाएंगे

कानन पेण्डारी जू में एक व्हाइट टाइगर को लाया जाना है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण इसे अभी बारिश के मौसम तक टाल दिया गया है। इसका कारण है कि वर्तमान में मौसम के हिसाब से उसकी तबीयत न बिगड़ जाए, जिसके कारण बारिश में व्हाइट टाइगर को लाने का निर्णय लिया गया है।

- यूआर गणेश, डिप्टी डायरेक्टर और डीएफओ, कानन पेण्डरी जू और एटीआर

9 MAY- BSP-PG-2_Layout 1 5/10/2025 12:36 AM Page 1

खबर संक्षेप

मदर्स डे पर अपना मार्ट में ममता के रंग की स्पर्धा कल

बिलासपुर। मदर्स डे अपना मार्ट द्वारा शहरवासियों के लिए ममता के रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम पैनासोनिक माइक्रोवेव, दूसरा इनाम पिजन एयर फ्राईर व थर्ड प्राइज लाइफ लॉन्ग मिक्सर दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेकर आकर्षक इनाम पा सकते हैं। इसके लिए अपने नजदीकी अपना मार्ट बाजार से जमकर खरीदारी कर सकते हैं। अपना मार्ट हमेशा से अपने ग्राहकों को बेहतर सर्विस के साथ ही अच्छी क्वालिटी का सामान देते आ रहा है। इसे यादगार बनाने कई प्रतियोगिता के माध्यम से आकर्षक गिफ्ट प्रदान करता है। 11 मई रविवार को पूरे विश्व में मदर्स डे मनाया जाएगा। विजेताओं को विशेष उपहार दिया जाएगा। विजेता की घोषणा 18 मई को इंस्टाग्राम चैनल पर किया जाएगा।

डॉ रत्ना को एयू के कुलपति देंगे छठवां मनीष दत्त सम्मान आज

बिलासपुर। रंग कर्मी काव्य भारती के संस्थापक दादा मनीष दत्त की 85 वीं जयंती पर उनके संजोए गीतों की प्रस्तुति एवं दादा मनीष दत्त छठवां सम्मान वर्ष 2025 दादा की शिष्या गायिका डॉ रत्ना मिश्रा को एयू के कुलपति आचार्य प्रो.एडीएन बाजपेयी द्वारा 10 मई को दिया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि दादा की 85 वीं जयंती पर काव्यभारती के कलाकार उनके संजोए गीतों की सुमधुर प्रस्तुति विकास नगर 27 खोली पूर्व पार्षद अखिलेश बाजपेयी के निवास पर 10 मई को शाम 5.30 बजे उनके शिष्यों द्वारा दी जाएगी। श्री बाजपेयी ने बताया कि संस्था की कोरग्रुप बैठक में डॉ विजय सिन्हा, डॉ सुप्रिया भारतीयन, डॉ रत्ना मिश्रा, सविता कुशवाहा, डॉ किरण बाजपेयी. चंद्रशेखर बाजपेयी, प्रो भारती भट्टाचार्य, गौरव गुलहरे, डॉ निवेदिता सरकार की उपस्थिति में इस वर्ष 2025 मनीष दत्त छठवां सम्मान गायिका डॉ रत्ना मिश्रा को देने का निर्णय लिया गया है।

15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मेहंदी का प्रशिक्षण

बिलासपुर। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंद 35 बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पारूल गर्ग (दिल्ली) द्वारा प्रशिक्षित अनिमा टाह द्वारा दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 8 मई से 22 मई है। इसका बिलासपुर स्माइल अध्यक्ष क्लब/ एडमिनिस्ट्रेटर और गुलदस्ता फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष रीता राजगीर द्वारा करवाया जा रहा है। फाउंडेशन की सचिव संगीता लांजेवर, नंदिनी राही, ललिता कश्यप, स्नेहलता गुप्ता, रेनू गौतम, निक्की पांडे, रश्मि तेजाड़ी, गीता प्रजापति, रचना अग्रहरी, सुनीता विश्वकर्मा, दीप्ति साहू, सविता पांडे, ज्योति नामदेव, ज्योति सिंगराल, निशा सक्सेना, अर्चना गोस्वामी, कामिनी स्वर्णकार का सहयोग रहा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी महिलाओं बच्चों को प्रमाण पत्र दिय जाएगा।

एयू के खिलाफ छात्रों ने केन्द्रीय राज्य मंत्री से मिलकर की शिकायत

बिलासपुर। एयू में व्याप्त अनियमितता को लेकर छात्रों ने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से शिकायत की है। शुक्रवार को छात्र केन्द्रीय राज्य मंत्री से मिले और यूनिवर्सिटी के कुलपति के खिलाफ शिकायत करते हुए यूनिवर्सिटी में भ्रष्टाचार, मनमानी पूर्ण रवैए का आरोप लगाया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के स्थानीय कार्यालय में आज कुछ छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी के संबंध में शिकायत को लेकर मुलाकात की। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रभारी रजिस्ट्रार होने तथा कुलपति के मिलीभगत और संरक्षण के चलते यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक, शैक्षणिक तथा वित्तीय कार्यों में लगाम नहीं लग पा रहा है। कुलपति एडीएन वाजपेयी के सहयोगी रहे एक व्यक्ति की नियम विरूद्ध भर्ती की बात भी कही है। कुलपति के निज सहायक पद पर भर्ती पर भी ऊंगली उठाई गई है। छात्रों का कहना है कि कुलपति अपने निजी हितों के लिए कार्य कर रहे और यूनिवर्सिटी के ज्ञान पथ के होर्डिंग्स, कैलेंडर, काव्य संगोष्ठी तक की लिफ्ट में भी केवल उन्हीं की फोटो और विचार अंकित किए जाते हैं। श्री साहू ने राज्यपाल से चर्चा कर जांच कराने का आश्वासन दिया है। शिकायत करने वालों में छात्र प्रतिनिधि सूरज सिंह राजपूत, आकाश शुक्ला, नीरज यादव, सौरभ दुबे, स्वप्निल पांडेय, नानेश आदि शामिल थे।

क्षत्रिय राजपूत समाज ने किया रक्तदान

बिलासपुर। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर व जिला प्रशासन के आह्वान पर स्थानीय प्रार्थना भवन में रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमें अभा क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य सुरेन्द्र सिंह, श्रीराम सिंह मुन्ना, विजय सिंह बघेल ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ.बृजेश सिंह, एसके सिंह, नैन सिंह परिहार, विनोद सिंह, अर्जुन सिंह, विमल सिंह आदि उपस्थित थे।

सीवीआरयू ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न

बिलासपुर। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और युवाओं में राष्ट्र प्रेम जागृत करने के लिए रैली और सभा का आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी, पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि के कुल सचिव डॉक्टर भुवन सिंह राज उपस्थित थे।

नई बिल्डिंग होगी तैयार यात्रियों की सुविधा के लिए चार साल पहले बनाया गया था

स्टेशन डेवलपमेंट में टूट जाएगा 5 करोड़ का कटनी गेट

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन बिलासपुर के स्टेशन डेवलपमेंट में चार साल पहले 5 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए कटनी गेट को भी डिस्मेंटल किया जाएगा। इस गेट को तोड़ने के बाद प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 तक आकर समाप्त होने वाली ट्रेन के लिए लाइन बिछाने का काम होगा, जिसके बाद एक नई बिल्डिंग तैयार की जाएगी।

रेलवे बोर्ड ने पहले स्टेशन डेवलपमेंट कार्य के लिए एसईसीआर के रायपुर स्टेशन को 500 करोड़ रुपए और बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 465 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी थी। बोर्ड से आदेश मिलने के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जोन और डिवीजन के अफसरों ने निरीक्षण करना शुरु कर दिया। इसके अलावा स्टेशन के लिए ड्राइंग डिजाइन भी तैयार की गई, जिसमें स्टेशन का स्वरूप एकदम अलग नजर आएगा। इस डिजाइन को बोर्ड से एप्रुवल भी मिल गया, लेकिन बोर्ड से मिली 465 करोड़ रुपए की राशि अचानक कम हो गई। स्टेशन को बनाने का लिए अब तक केवल टेंडर प्रक्रिया ही पूरी हुई है, लेकिन काम की शुरुआत अब तक रेल प्रशासन ने नहीं की है। इस कार्य में पहले ब्रिटिश काल में बनी पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का निर्णय लिया गया था, जिसे शहरवासियों औरजनप्रतिनिधियों के विरोध करने के बाद वापस ले लिया गया है। इस बिल्डिंग को छोड़कर दूसरी एक ऐसी बिल्डिंग कटनी गेट नम्बर 1 पर बनाई गई है। तीन साल पहले रेल प्रशासन ने पुराने कटनी गेट को तोड़कर एक नया निर्माण कार्य किया था, जिसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई थी। पुरानी वीआईपी बिल्डिंग को तोड़ने का निर्णय तो वापस ले लिया गया है, लेकिन स्टेशन के विकास कार्य में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई कटनी गेट और प्लेटफार्म को बलि चढ़ाने का निर्णय यथावत बना हुआ है।

तोड़ने का कारण

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 1890 में बनी ब्रिटिश काल की बिल्डिंग के साथ कटनी गेट को तोड़ने का निर्णय लिया गया था। इसको तोड़ने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि दुर्ग, रायपुर के अलावा हावड़ा-मुम्बई की ओर से आने जाने वाली एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के लिए लाइन की काफी कमी है। स्टेशन विकास कार्य में दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर रायगढ़ की ओर जाने वाली गाड़ियों के लिए प्लेटफार्म नम्बर 7-8 की लाइन का उपयोग किया जाना जरूरी है। वर्तमान में दोनों लाइनें बिलासपुर स्टेशन पर ही समाप्त हो जाती है। यहां से ट्रेनों को वापस कोचिंग डिपो या फिर कटनी की ओर रवाना किया जाता है। संबंधित विभाग की ओर से निरीक्षण करने के बाद पुरानी बिल्डिंग को यथावत रखते हुए कटनी गेट को तोड़कर लाइन का विस्तार किया जाएगा। इसके उपरांत प्लेटफार्म और यात्रियों के आने-जाने के लिए अलग बिल्डिंग का निर्माण होगा।

किया गया था कार्य

पूर्व में बने कटनी गेट की लंबाई और चौड़ाई कम होने के कारण नागपुर एफओबी के अलावा प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 से आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। इसे तोड़कर एक नई एंट्री का निर्माण किया गया, जिसमें नागपुर की ओर बने एफओबी का विस्तार, प्लेटफार्म की लंबाई चौड़ाई व अन्य कार्य किए गए थे। स्टेशन प्लेटफार्म का स्पेस अधिक होने के साथ अब यात्रियों की परेशानी तो दूर हो गई है, वहीं स्टेशन में किसी भी तरह के कार्यक्रम करने के लिए कटनी गेट का ही उपयोग किया जा रहा है।

तोड़ा जा सकता है गेट

स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में पुरानी बिल्डिंग को यथावत रखा जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन में रेल लाइन और प्लेटफार्म की कमी और ट्रेनों की संख्या अधिक है। रेलवे के निर्णय अनुसार प्लेटफार्म नम्बर 7 और 8 के बाद बने कटनी गेट को तोड़ा जा सकता है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

भारत की विजय के लिए करेंगे धार्मिक अनुष्ठान

युद्ध की परिस्थितिः शंकराचार्य ने रद्द किए सभी अनुष्ठान, कार्यक्रम

भारत की रक्षा व्यवस्था ने सभी आक्रमण किया विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परमपूज्य ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य महाराज ने पड़ोसी देश में चल रहे युद्ध को देखते हुए देशवासियों को एकजुट होकर खड़े होने की अपील की है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, गृहमंत्री सहित भारतीय सेनाओं के कार्यों की प्रशंसा की है। वे भारत की विजय के लिए धार्मिक अनुष्ठान भी सम्पन्न कराएंगे। उन्होंने दो माह के लिए अपने सभी अनुष्ठान कार्यक्रम को निरस्त कर दिया है।

■ एक करोड़ से भी अधिक आहुतियां देने का संकल्प लिया गया था

शंकराचार्य महाराज ने कहा कि पड़ोसी देश ने हमारे देश के नागरिकों को मारा और जब हमने उन आतंकवादियों के ठिकाने पर कार्रवाई की तो वह हमारे देश पर ही आक्रमण कर दिया। उन्होंने ड्रोन और मिसाइलों का प्रयोग किया और हमारे रिहायाशी इलाकों को निशाना बनाने की चेष्टा की है। हालांकि भारत की जो रक्षा व्यवस्था है वह इतनी सुंदर है कि उसने सभी आक्रमण को विफल कर दिया और अब पाकिस्तान के ऊपर भारत जवाबी कार्रवाई कर रहा है। इन परिस्थितियों में ऐसा लगता है कि यह वातावरण कुछ लंबे समय तक चल सकता है और इस समय बाकी सभी कार्यों को रोककर देश के साथ खड़े होने की आवश्यकता है। इसलिए हमने अपने आगामी दो महीने के सभी कार्यक्रम को निरस्त कर दिया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर में होने वाले दो प्रतिष्ठा महायज्ञ, जिसमें एक करोड़ आहुतियां गौ माता के निमित्त की जानी थी। इसकी यज्ञ शाला भी तैयार हो गई है। तीन चार दिन बाद ही यज्ञ शुरु होने वाला था, वो कार्यक्रम भी आयोजक मंडल से चर्चा कर निरस्त कर दिया है। वहां पर विष्णु पुराणा का व्याख्यान भी होना था। उसी तरह से बिलासपुर शहर में विशाल प्रतिष्ठा महायज्ञ होने वाला था, उसमें एक करोड़ से भी अधिक से अधिक आहुतियां देने का संकल्प लिया गया था, उसकी भी तैयारियां पूरी हो गई है। उस कार्यक्रम को भी अभी के लिए स्थगित किया गया है ताकि हम सब देश के साथ खड़े हो सके।

सेना के साथ लड़ने को तैयार हैं हम

शंकराचार्य ने कहा वर्तमान समय में देश की जो परिस्थिति है। उसके लिए हमें अपने सारे मतभेद भुलाकर एकत्रित होकर खड़े होने की आवश्यकता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, हमारे देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा हमारी तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्ष के साथ खड़े हैं और जहां आवश्यकता पड़ेगी हम सेना के साथ लड़ने के लिए तैयार है। यदि किसी शिविर में जाकर पीड़ितों की सेवा का अवसर आए तो वहां भी हम अपने सहयोगियों के साथ सेवा करने को तैयार है। हमने अध्ययन के दौरान एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त किया था, हमें सैन्य गतिविधियों का अनुमान है और शरीर से भी हम स्वस्थ हैं। इसलिए अपने सभी आगामी कार्यक्रम को दो महीने के लिए निरस्त कर देश के साथ खड़े हो रहे हैं।

करेंगे धार्मिक अनुष्ठान

हमारी सरकार अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने में अपना योगदान दें। सरकार या सेना को जहां भी जरुरत होगी, भारत के नागरिक होने के नाते हम उनके साथ खड़े हैं। भारत की विजय हो और शत्रु परास्त हो इसके लिए हम धार्मिक अनुष्ठान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि भारत जैसे सदा से अपराजेय रहा है वैसे ही अपराजेय रहे और साथ ही साथ जो लोग भ्रमवश या भूलवश भारत के विरूद्ध खड़े हैं, वे जान लें भारत को जो पराक्रम हैं वे आपकी भूल का अनुभव कराने में समर्थ हैं।

एक देश एक चुनाव, समर्थ भारत की ओर एक कदमः प्रो. चक्रवाल

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित सेमीनार में उपस्थित कुलपति अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में 9 मई को सुबह 11 बजे वन नेशन वन इलेक्शनः वॉट, वाई एंड हाऊ ऑफ साइमलटेनियस इलेक्शंस इन भारत विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।

■ सीयू में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर सेमीनार

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि साल 1952 से लेकर 1967 तक संपूर्ण भारतवर्ष में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ हुआ करते थे, लेकिन सन 1967 के बाद में यह क्रम टूट गया। श्री चक्रवाल ने कहा कि देश ने वर्ष 1989 से 2014 तक गठबंधन सरकारों का दौर देखा है। वर्ष 2014 में केन्द्र में पूर्ण बहुमत की सरकार का गठन हुआ। एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार पूरे देश में सालभर चलने वाली चुनावी प्रकिया को कम करने के साथ ही वित्तीय भार को भी कम करेगा। एक देश एक चुनाव के माध्यम राज्य एवं केन्द्र में सरकारों के गठन के साथ ही समयावधि का निर्धारण भी संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को चुनावी सुधार के अंतर्गत उम्मीदवारों की योग्यता, दो पक्षीय राजनीतिक दल प्रणाली, कम खर्चीली एवं समय की बचत करने जैसे विषयों पर भी विचार करने की आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को एक साथ आना होगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शैलेन्द्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया।

सह-संयोजक प्रो. आरके प्रधान ने विषय प्रवर्तन किया। कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुंशीराम ने तथा संचालन डॉ. मोहिनी गौतम ने किया।

एसईसीएल ने 120 पेंशन प्रकरण का किया निराकरण

बिलासपुर। एसईसीएल में आश्रित पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता से हल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 2 महीनों में रिकॉर्ड 120 मामलों को निपटाया गया है।

एसईसीएल के सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन विभाग तथा सीएमपीएफ़ओ के संयुक्त प्रयास से कर्मचारी कल्याण की दिशा में की गई इस पहल से सफलता मिली है। इस अभियान के तहत एसईसीएल प्रबंधन और सतर्कता विभाग सीएमपीएफ़ओ के अधिकारियों के साथ मिलकर लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए एक कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। निदेशक (एचआर) ने सीएमपीएफ़ओ कमिश्नर के साथ बैठक कर बेहतर समन्वय पर दिया है जोर। एसईसीएल निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने हाल ही में मुख्यालय बिलासपुर में सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर रीजन के कमिश्नर के साथ बैठक कर लंबित मामलों निपटान को फास्ट ट्रैक करने पर जोर दिया था। सीएमपीएफ़ओ के सी-केयर्स पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान को लेकर भी चर्चा की थी।

संशोधित पीपीओ को लेकर जारूकता बढ़ाने का प्रयास

पहले के समय में जारी किए जाने वाले पीपीओ (पेंशन पेमेंट ऑर्डर) में पत्नी का नाम न होने के कारण कर्मी की मृत्यु की स्थिति में पत्नी को अपना नाम पीपीओ में दर्ज करवाने के लिए अंतिम यूनिट में जाना पड़ता था जिसमें कई बार देरी होने एवं अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए संशोधित पीपीओ जारी करना शुरू किया है। जिसमें कर्मी के साथ उनकी पत्नी का नाम भी दर्ज किया जा रहा है। कर्मियों को संशोधित पीपीओ जारी करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

आश्रितों से सीधे संवाद स्थापित करेगा

पीएफ़-पेंशन के लंबित मामलों को निपटाने के एसईसीएल एचआर विभाग, सतर्कता विभाग एवं सीएमपीएफ़ओ द्वारा कर्मियों एवं आश्रितों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का हल किया जाएगा। कंपनी की योजना है कि संचालन क्षेत्रों में पीएफ़ मेला का आयोजन कर बड़े स्तर पर कर्मियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

प्रोग्रेसिव कान्वेट का परीक्षा परिणाम सराहनीय

बिलासपुर। प्रोग्रेसिव कान्वेट हायर सेकेंडरी स्कूल जरहाभाटा का शिक्षा सत्र 2024-25 का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। इसमें कक्षा 10वीं में प्रथम संध्या टेकाम ने 97.16% अंक प्राप्त किया। द्वितीय पर मयंक कुमार अनन्त ने 95.6% अंक प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर शिफा नाज ने 88.1% अंक प्राप्त किया। अन्य कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूजा कुमारी ने 88%, कशीश कुमारी ने 87%, फातिमा खातुन ने 86.3%, आदिल रजा ने 85.3%, रिगिया सुल्ताना ने 85%, पूर्वी रजक ने 83.6%, एवं योगिता मार्गव ने 82.3% अंक प्राप्त किया । कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान नैंसी जांगड़े 90% अंक प्राप्त किया। द्वितीय हर्ष साहू 88.2%, एवं तृतीय दीपिका साहू ने 88%

एजुकेशन प्लस

अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में नैंसी सोनी ने 83.4%, हर्ष शर्मा 82.2%, आकांक्षा सिंह चौहान 81.4%, लक्की लहरे 80.4 एवं शाहना सिद्धिकी ने 80% अंक प्राप्त किया। कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा (अंग्रेजी) में मो.फैजान ने 92% अंक प्राप्त कर प्रथम रहा। द्वितीय सदावन्द चन्द्रवगी ने 91% अंक एवं तृतीय पर अदिति बर्मन ने 90% अंक प्राप्त किया। कक्षा 8वीं (हिन्दी माध्यम) में प्रथम 82% अंक द्वितीय का शीश पटेल 81% एवं तृतीय नीशा पटेल 80% अंक प्राप्त कर किया। कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा में (अंग्रेजी माध्यम) में प्रथम अदिबा खान 96% अंक द्वितीय वर्षा रानी घृतलहरे 92% एवं तृतीय त्रिवेद भार्गव 91% अंक प्राप्त किया। कक्षा 5वीं (हिन्दी माध्यम) में प्रथम रितेश कुमार भार्गव 91%, द्वितीय लक्ष्य गेंदले 81% एवं तृतीय छाया कश्यप 80% अंक प्राप्त किया।

सीवीआरयू में भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा

संस्कृति को बचाने भगवान बिरसा मुंडा ने कई कार्य किएः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा पर केंद्रित ट्राइबल हीरो एसए चैंपियन ऑफ जेंडर जस्टिस विषय पर 9 और 10 मई को दो दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय सेमीनार में देशभर से 12 से अधिक वक्ता हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व सहित जनजाति समाज के लोगों पर विशेष चर्चा की जा रही है।

यह आयोजन इंडियन कौंसिल ऑफ़ सोशल साइंस रिसर्च, भारत सरकार एवं डॉ सीवी रमन विवि के शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 9 और 10 मई को आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर पं सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि के कुल सचिव भुवन सिंह राज ने कहा कि देश की आजादी में जनजाति नायकों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और

पत्रिका का विमोचन करते सीवीआरयू के कुलपति व अन्य अतिथि।

ये होंगे अतिथि वक्ताः इस दो दिवसीय सेमीनार में अतिथि वक्ता बलिराम पवार, आलोक शुक्ला, सुशील कुमार उपाध्याय, डॉ नंदिता प्रधान भट्ट दिल्ली, पुष्पलता चिलुका बेंगलुरु, मौसमी महंता, डॉ पीयूशा रंजन, डॉ रीता वेणुगोपाल, डॉ ब्रजेश चंद्र त्रिपाठी, प्रोफेसर विजय कुमार रक्षित, जुल्फिकार सिद्दीकी जशपुर डी आई ई टी प्राचार्य, डॉ धीरेंद्र सिंह, डॉ विभा मिश्रा शामिल होंगी।

समाज के प्रेरणास्त्रोत थे

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि अपनी अस्मिता अपनी संस्कृति और समाज को एक रखने के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने कई कार्य किए हैं जो आज हर समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं। हमें ऐसे आयोजनों से उनके कृतित्व को जानने समझने और प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है।

बलिदान भी दिया था। उसकी जानकारी इतिहास में उल्लेख नहीं होने से लोगों को नहीं है। जलियांवाला बाग हत्याकांड को आज पूरी दुनिया जानती है, लेकिन मानगढ़ ही में 1500 जनजाति नायकों ने अपने जान निछावर कर दिए थे।

बलिदान देने प्रेरित किया

कुल सचिव डा अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विवि की स्थापना का उद्देश्य जनजाति के अंतिम व्यक्ति तक उच्च शिक्षा को पहुंचाना है। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए बलिदान देने प्रेरित किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ रितेश मिश्रा, डॉ अभिषेक पाठक, ब्रह्मेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

नाइस टेक ने लांच किया सर्टिफिकेट कोर्स

बिलासपुर। कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन ने अकाउंटिंग और फाइनेंस क्षेत्र में प्रोफेशनल करियर की तैयारी के लिए सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्नीशियन का एक नया कोर्स लॉन्च किया है। 6 माह यह कोर्स विशेष रूप से उन छात्रों, ग्रेजुएट्स और प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है जो अकाउंटिंग, जीएसटी, एक्सेज और सॉफ्टवेयर स्किल्स में दक्षता प्राप्त करना चाहते हैं। संस्थान के निदेशक के अनुसार, यह कोर्स विशेष रूप से कॉमर्स वर्ग के छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि इसमें उन्हें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर, जीएसटी प्रोसेस और ऑफिस टूल्स की गहन जानकारी दी जाती है। साथ ही स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग और नौकरी में सहायता से उनका करियर जल्दी शुरू हो जाता है। सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्नीशियन की मुख्य विशेषताओं में निशुल्क एमएस आफिस कोर्स, वर्ड, एक्सेल, पावरपाइंट है। इस कोर्स का प्रशिक्षण टैली कॉमप्रेहेंसिव टीईपीएल बैंगलोर से, मार्ग एसोसिएट प्रोफेशनल्स मार्ग एजुकेशन दिल्ली से, स्टैचुटरी एग्जीक्यूटिव नेरगी विद्या कोच्चि केरल से, एडवांस एक्सेल 2021 नाइस टेक बिलासपुर देगी।

हरिभूमि
बिलासपुर, शनिवार 10 मई 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

वेकैंसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न पदों की होगी भर्ती, 21 तक आवेदन

बिलासपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बलरामपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में विभिन्न पदों की पूर्ति के लिए 21 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी पुरुष, फिजियोथेरापिस्ट, प्रोग्राम एसोसिएट, डेंटल सर्जन, ऑडियोलॉजिस्ट, ऑप्थैल्मिक असिस्टेंट रेडियोग्राफर, लैब सुपरवाईजर, एसटीएस, फार्मासिस्ट, टेक्निकल असिस्टेंट हियरिंग इंपेयर्ड चिलर्डन, लैब टेक्नीशियन एनएचएम, लैब टेक्नीशियन बीपीएचयू, सचिविक सहायक, कनिष्ठ सचिविक सहायक, फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर, काउंसलर एवं अटेंडेंट के नवीन एवं बैकलॉग पदों पर संविदा भर्ती की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में 21 मई 2025 शाम 05 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यक्रम

महार्षि स्कूल में चेतना-आधारित शिक्षा पर दिया गया प्रशिक्षण

बिलासपुर। महर्षि विद्या मंदिर मंगला में महर्षि चेतना-आधारित शिक्षा पाठ्यक्रम-1 तथा इन हाउस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और प्रतापपुर की कई शाखाओं से शिक्षक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल से 1 मई तक 6 दिनों तक चला। सभा का स्वागत प्राचार्या रीना सिंह ने किया। मुख्य अतिथि भुवनेश शर्मा ने व अतिथि निदेशक सीपीआर महार्षि विद्या मंदिर वीआर खरे ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि रीता प्रकाशम ने बताया कि एमसीबीई पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण पहलुओं को भी उजागर करेगा। अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि आर्या नंदकुमार ने शिक्षकों को महर्षि विश्व शांति आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करने प्रेरित किया। प्राचार्या वैशाली वैद्य ने प्रशिक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या रीना सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूरे प्रशिक्षण में शिक्षकों ने महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण आनंदमय वातावरण में प्राप्त किया। अतिथि डॉ जीए घनश्याम की उपस्थिति रही। प्राचार्या रीना सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। विजय ने प्रशिक्षण को आवश्यक बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डाला। घनश्याम ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के संबंध पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यशाला

आईसीएआई शाखा ने किया सेमिनार का आयोजन

बिलासपुर। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा द्वारा आईसीएआई भवन में रेरा एवं रियल एस्टेट क्षेत्र पर जीएसटी के प्रभाव विषय पर एक अर्ध-दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को रेरा अधिनियम एवं जीएसटी के अद्यतन प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ता सीए अंकित गोयल एवं सीए प्रखर बंसल द्वारा रेरा के अनुपालन, जीएसटी के व्यावहारिक पहलुओं एवं रियल एस्टेट सेक्टर में उत्पन्न हो रही चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। सेमिनार का समापन प्रश्नोत्तर सत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। आईसीएआई बिलासपुर शाखा निरंतर ऐसे ज्ञानवर्धक आयोजनों के माध्यम से सदस्यों के पेशेवर विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

जीवधर्णी फाउंडेशन ने कराया खेल कार्यक्रम आओ संवारे कल अपना

बिलासपुर। विगत 20 दिनों से पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम चेतना अंतर्गत महमंद शासकीय स्कूल प्रांगण में कैंप चलाया जा रहा है, जिसका विधिवत उद्घाटन पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा किया गया था। जीवधर्णी फाउंडेशन चेतना अभियान में सहभागी संस्था है। जिसके द्वारा लड़कियों के खो-खो खेल का फाइनल मैच कराया गया, जिसमें 22 विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात राम गोपाल करियारे के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार भेंट किया गया। बच्चों और युवाओं को मोबाइल तथा नशे की लत से दूर रखने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें महमंद ग्राम के ही 200 बच्चे इस खेल कार्यक्रम मे रजिस्टर्ड किए गए हैं।

कार्नर न्यूज

समर में बच्चे स्वीमिंग, पेंटिंग, डांसिंग व स्कैचिंग की सीख रहे कला

गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग करने अभिभावकों के साथ बच्चे भी उत्साहित हैं। समर में बच्चें नया आर्ट सीखें इसके लिए पैरेंटस बच्चों को सुबह-शाम की पालियों में क्लासेस भेज रहे हैं।

क्लासिकल नृत्य से बच्चों में बढ़ रहा धैर्य

नित्यधारा एकेडमी की डायरेक्टर आंचल पाण्डेय ने बताया कि डिजिटल समय जब सब कुछ तुरंत हो जा रहा हैं, तो बच्चों के अंदर धैर्य बिल्कुल भी नहीं है। तो पैरेंटस बच्चों के अंदर धैर्य का मूल्य लाने के लिए क्लासिकल नृत्य सीखा रहे हैं, इससे बच्चों में एकाग्रता भी बढ़ती है। इसके साथ बच्चे वेस्टर्न, कत्थक, फोक डांस भी सीख रहे हैं।

कला को निखारने अभ्यास जरूरी

प्रोफेसर आर के स्वामी ने बताया कि कला कोई भी हो जब तक निखरेगी नहीं तब तक उसमें परांगत नहीं हो सकते हैं। कला को सीखने बच्चे जरूर खाली समय में जाकर सीख जाते हैं, मगर अभ्यास ना होने से वे भूल जाते हैं। अभिभावकों जिस उत्साह से गर्मी में सीखाते है, उसी उत्साह से उनकी कला में निखार लाने नियमित अभ्यास भी कराएंगे तो वे निश्चित ही उन विधाओं में परांगत हो जाएंगे।

अभिभावकों में भी बेहद उत्साह, सुबह-शाम पालियों में चल रही क्लासेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वर्तमान समय में बच्चे नए-नए चीजों को जानने और सीखने की इच्छा रखते हैं। यही वजह है कि गर्मी की छुट्टियों में वे नई कलाओं में पारंगत हो रहे हैं। स्कूली बच्चों का इस समय समर वेकेशन चल रहा है। खाली समय में बच्चे नया आर्ट सीखने शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जाकर स्वीमिंग,पेंटिंग, डांसिंग व स्कैचिंग करने की कला सीख रहे हैं। इंडिया डांस एकेडमी के डायरेक्टर अनिरूध्द बाकरे ने बताया कि हर वर्ष समर के दौरान बच्चों के लिए एक्ट्रा क्लास लगाई जाती है, जिसमें सिर्फ स्कूली बच्चों को डेढ़ माह में नृत्य की कई विधाओं को सीखते हैं। इसी तरह गर्मी में शरीर को ठंडा रखने बड़े से लेकर बच्चों में स्विमिंग का क्रेज रहता है। शहर के स्वीमिंग पुलों पर सुबह-शाम छपाक-छपाक करते बच्चे खूब आनंदित हो रहे हैं। रेलवे के स्वीमिंग प्रशिक्षक हेमंत परिहार ने बताया कि गर्मी में बच्चों से पुल सराबोर रहता है। सभी पालियों में सिर्फ बच्चे ही रहते हैं, इनके लिए खासतौर पर रिजर्व समय इन दो महिनों के लिए रखा जाता है।

स्कैचिंग, पेंटिंग व रंगोली आर्ट की पहचान

आर्टिस्ट दिव्या कश्यप ने बताया कि यूं तो हर कला से कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है, मगर स्कैचिंग, पेंटिंग व रंगोली ऐसा आर्ट है, जिसे सीखकर कई कला में परांगत हो सकते हैं। गर्मी में बच्चे स्कैचिंग, पेंटिंग सीख रहे हैं। उनके लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही क्लासेस चल रही है। लड़कियों में अधिकांश रंगोली सीखने का शौक है, इसके लिए रंगोली की एक्सट्रा क्लासेस चल रही है।

कराते से बच्चे सीख रहे आत्मरक्षा के गुण

ट्रैनर आकाश सिंह ने बताया की आजकल डिजिटल दौर में फिजिकली एक्टीविटी कम हो गई है। ऐसे में कराते फिजिकली एक्टीविटी को बढ़ता ही है, इसके अलावा बच्चों में आत्मरक्षा के गुण भी सीखते हैं। कराते में बच्चे अंतराष्ट्रीयस्तर पर परचम लहरा रहे हैं। यह कला बचपन से ही बच्चे सीखें तो उनमें शारीरिक क्षमता बढ़ जाती है।

छठवें दिन मां दुर्गा के स्वरूप में माता की पूजा, महाप्रसाद का किया गया वितरण

मरीमाई माता पूजा उत्सव का 19 वां वर्ष है और इस वर्ष का माताजी का स्थापना का छठवां दिन है। यह पूजा उत्सव बड़े धूमधाम, हर्षोउल्लास एवं आनंदमय वातावरण में रेल्वे परिक्षेत्र कंस्ट्रक्शन कालोनी, दुर्गा पंडाल में मानाया जा रहा है।



बिलासपुर। शुक्रवार की शाम दुर्गा माताजी का स्वरूप बनाया गया है। शाम 8 बजे विधि-विधान से पूजा, अर्चना एवं आरती किया गया है। शनिवार के शाम को काली माताजी के स्वरूप का दर्शन होगा। शनिवार के दिन पूजा उत्सव का शाम का दर्शन का अंतिम दिन होगा। शाम को पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, जिसमें अधिकांश महिलायें रहती हैं। पूजा उत्सव के अध्यक्ष विजय सिंह एवं सचिव मनोहर राव ने बताया है कि शाम को दुर्गा माताजी के स्वरूप का पूजा, अर्चना एवं आरती किया गया है। माताजी के चेहरे के आकृति को बनाने के लिए खड़गपुर से लाये मिट्टी के घड़े में गीले हल्दी के लेप को चढ़ाया जाता है। खड़गपुर से आये मुख्य पुजारी माताजी के आकर्षण रूप देते हैं। रविवार को सुबह 10 बजे महाकुंभ पूजा किया जाएगा। महाकुंभ पूजा का मुख्य विशेषता ये है कि माताजी के स्थापना के बाद माताजी के लिए जो भोग सुबह शाम लगता है, इसमें कुछ कमी नहीं हो जाय उस कमी की पूर्ति के लिए महाकुंभ पूजा किया जाता है। महाकुंभ पूजा के लिए 21 प्रकार का पकवान बनाया जाता है और लगभग 5 क्विंटल चावल, सांभर, सब्जी एवं अन्य सामग्री का पकवान बनाकर माताजी के सामने अर्पित किया जाता है। यह भव्य पूजा उत्सव को सफल करने के प्रकाश यादव, बी ईश्वर राव, जे गोवर्धन राव, बी श्रीराममूर्ति, कोटा रामाराव, पी डी राव, ए कृष्णा राव, जी श्रीनिवास राव, के रवि, डॉ. अजय सिंह, संदीप दास, जगन्नाथ राजू, व्ही मधुसूदन राव, सुमन गुहा, सुनील उपाध्याय भूमिका निभा रहे हैं।

300 सुहागिन महिलाओं ने की सामूहिक कुमकुम पूजा

रेल्वे परिक्षेत्र के बालाजी एवं राम मंदिर के नारायणन पंडित के द्वारा दक्षिण भारती पद्धति में विधि-विधान से किया गया। कुमकुम पूजा के बाद सभी सुहागिन महिलाओं को मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी के द्वारा फलदान दिलवा गया। सुहागिन महिलाएं माताजी से अपना सुहाग की रक्षा एवं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति ने पूजा किए सभी सुहागिन महिलाओं और परिवार के सदस्यों के लिए महाप्रसाद भोजन वितरण किया। महाकुंभ पूजा, अर्चना एवं आरती के बाद महाकुंभ पूजा में आए हुए सभी श्रद्धालु महाप्रसाद भोजन अन्नदान ग्रहण करते हैं। इस महाकुंभ पूजा के लिए कई श्रद्धालु राशन सामग्री दे रहे हैं। किसी भक्तजन को इस महाकुंभ पूजा हेतु सामग्री देना चाहते हैं तो डोनेशन काउण्टर में जमा करवा सकते हैं।

रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से सूख जाते हैं पौधे

पौधों को झुलसने से बचाने गार्डन में लगाए जा रहे ग्रीन नेट

बिलासपुर। मई महीने की शुरुआत से गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप की तपन तो अब मनुष्य नहीं सह पा रहा है। ऐसी झुलसा देने वाले तेज धूप में छोटे पौधों को भी सीधे धूप सहना पड़ता है। सूरज की तेज किरणें पानी को सोख लेती हैं, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं। यदि ऐसे समय में इनकी देखभाल नहीं की गई और इन्हें पानी नहीं मिला तो पौधे मर भी जाते हैं, लेकिन अब तेज धूप से इन पौधों को बचाने के लिए बाजार में ग्रीन नेट का विकल्प आ चुका है, जिसे प्रकृति प्रेमी घर के टेरेस गार्डन में लगा रहे हैं, ताकि पौधे तेज धूप में बच सकें और छाया में रहें तथा अच्छे से फलते-फूलते रहें।

वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमें हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है।

पांच डिग्री तक कम हो रहा तापमान

घरों और टेरेस गार्डन में बढ़ा इस्तेमाल

गर्मी तेज होने से अब घरों के आंगन में बने गार्डन के साथ ही टेरेस गार्डन में ग्रीन नेट का इस्तेमाल बढ़ गया है। एक्सपर्ट के मुताबिक ग्रीन नेट लगने के बाद धूप पौधों में छनकर पहुंचती है और इससे उनमें आवश्यक छाया भी बनी रहती है। इसके साथ ही पौधों को गर्मी में भी पनपने के लिए सही वातावरण मिलता है और भीषण गर्मी में भी ये पौधे खूब फलने-फूलने लगते हैं।

पौधों को मिलती है राहत

दुकानदार शेखर वर्मा का कहना है कि ग्रीन नेट का एक बड़ा फायदा ये है कि इसे लगाने से जितने स्थान तक उसकी छाया पहुंचती है, वहां का तापमान कम से कम पांच डिग्री तक कम हो जाता है, जो इस भीषण गर्मी में राहत देता है। साफ है कि यह पौधों के लिए संजीवनी साबित होती है, क्योंकि यह पानी के रूप में पड़ी नमी को भी सोखने नहीं देता है और इस नमी को पानी के रूप में पौधे लेते हैं और तेज गति से विकसित होते हैं। जिन घरों में गार्डन या ज्यादा पौधे नहीं हैं, फिर भी वे ग्रीन नेट का सहारा लेते हैं। खासतौर से ऐसे घर, जहां पर दिनभर सीधे धूप पड़ती है, उनके घर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसे स्थिति में ग्रीन नेट लगाने पर तापमान में कमी आ जाती है और रहवासियों को राहत मिलती है।

9 -MAY--REGNOL---pg -4 -Comman_Layout 1 5/10/2025 12:16 AM Page 1

खबर संक्षेप

शौच के लिए गए युवक की बाइक चोरी, मामला दर्ज

तखतपुर। सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर शौच के लिए गए युवक की बाइक चोरी हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया गया। जानकारी के अनुसार राजकिशोर नगर सरकंडा बिलासपुर निवासी कपिल कुमार साहू बिलासपुर में कपिल मोटर गैरेज के नाम से दुकान चलाता है। वह मुंगेली में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस बिलासपुर लौट रहा था, इसी दौरान नगोई मोड़ पुल के पास अपनी बाइक सीजी 10 एनए 2443 को खड़ी कर वह शौच के लिए चला गया। जब युवक वापस आया तो उसकी बाइक मौके पर नहीं थी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज की ओर से यज्ञ का आयोजन

तखतपुर। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा के संरक्षण में बैसाखी, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर संपूर्ण भारत में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घर-घर यज्ञ एवं संस्कार एक साथ एक समय में संपन्न होंगे। यज्ञ का मुख्य उद्देश्य सबके लिए सद्बुद्धि, उज्जवल भविष्य का निर्माण एवं राष्ट्र की एकता अखंडता एवं सामग्र उत्थान का महासंकल्प होगा। परम वंदनीय माताजी एवं अखंड ज्योति के जन्म शताब्दी पर्व पर इसका महत्व बहुत ही बड़ा बताया गया है। विद्या विस्तार केंद्र युग निर्माण योजना शाखा तखतपुर व्यवस्थापक नारायण प्रसाद पाली ने आह्वान किया है कि अपने निकटतम गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, अथवा प्रज्ञा मंडल, संस्थान में संपर्क कर यज्ञ में भागीदारी निभाएं।

निधन

हेमलता वर्मा

बिलासपुर। जबड़ापारा निवासी

श्रीमती हेमलता वर्मा पति रवीन्द्र वर्मा का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 10 मई को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेन्द्र वर्मा की बहू, चीकू व साक्षी की माता तथा सुनील, अनिल व सुशील वर्मा की भाभी थीं।

संतोष कुमार शाह

बिलासपुर। तोरवा संतोषी मंदिर

तोरवा निवासी संतोष कुमार शाह का 9 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 मई को सुबह 11 बजे तोरवा शमशान घाट में किया जाएगा। वे स्व. रामेश्वर प्रसाद शाह के पुत्र एवं कृष्णा शाह के पिता थे।

पंडित रमाकांत मालवीय

रतनपुर। सेवानिवृत शिक्षक पंडित

रमाकांत मालवीय का गुरुवार रात्रि 1 बजे निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 11 बजे बिकमा तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। ये अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गए।

जगह-जगह गंदगी, मरीजों को नसीब नहीं हो रहा पानी

बरेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत बद से बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

लोगों को स्वास्थ्य सुविधा एवं निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए साशन के द्वारा शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन सरकार के मंसूबे पर कभी-कभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से पानी फिर जाता है। इसका स्पष्ट उदाहरण नगर पंचायत बरेला में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिलेगा जहां के कर्मचारी अपनी मनमर्जी व लापरवाही के साथ काम करते नजर आ रहे हैं।

पार्षद प्रतिनिधि बबलू पटेल एवं पवन पटेल जब स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां की हालत देखकर वे तो भौचक्का रह गए। भवन में अनेक जगहों पर प्लास्टर एवं फ्लोरिंग उखड़ा हुआ मिला। इतना ही नहीं स्वास्थ्य केंद्र में लगे वाटर कूलर खराब मिले, जिसके कारण मरीजों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो रहा है। बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की व्यवस्था ठप्प है।

बदहाली से परेशान मरीज

पार्षद प्रतिनिधियों ने बताया कि अस्पताल की सफाई एक नाबालिक लड़की से कराई जा रही है। साथ ही सुलभ शौचालय में गंदगी पसरी हुई है। उन्होंने बताया कि मरीजों के कमरा की स्थिति भयावह, जिससे मरीजों में भय बना रहता है। स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज केवल आरएमए एवं नर्सों के भरोसे हो रहा है। ऐसी ही कुछ स्थिति प्रसव कक्ष की भी है। नगरवासियों का कहना है कि अस्पताल में कोई सुविधा नहीं मिलने के कारण वे महिलाओं को प्रसव के लिए यहां ले जाने के लिए घबराते हैं।

फंड नहीं, कहां से होगी मरम्मत

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का चार्ज मेरे पास नहीं है। अस्पताल की मरम्मत के लिए कोई फंड नहीं मिलता, जिसके कारण किसी तरह की मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है। इसकी जानकारी विभाग को भेजी जाएगी।

-डॉ जगदीश टंडन, आरएमए स्वास्थ्य केंद्र बरेला

चर्चा की जाएगी

जिस तरह से स्वास्थ्य केंद्र का स्थिति है, इससे स्पष्ट पता चलता है कि मिलने वाली राशि में जमकर की बंदरबाट की गई है। परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी एवं आगे की कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य विभाग के पास भेजा जाएगा।

- नरेश पटेल, नपं अध्यक्ष बरेला

होगा समस्या का समाधान

तत्काल मौके की स्थिति का निरीक्षण कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

- डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर, सीएमएचओ मुंगेली

शिक्षक कॉलोनी चोरी कांड के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

शासकीय शिक्षिका के बंद क्वार्टर में चोरी की गंभीर घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के से कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण, नकदी एवं स्कूटी बरामद कर ली गई है। मामले का एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। शिक्षिका भावना बंछोर 30 अप्रैल को शिक्षक कॉलोनी स्थित अपने शासकीय क्वार्टर में ताला लगाकर अवकाश पर गृहग्राम बिलासपुर गई हुई थीं।

■ आरोपियों से स्कूटी सहित आभूषण व नगदी बरामद

5 मई को सुबह लगभग 6 बजे उनकी पड़ोसी सीमा सिंह पटेल ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके क्वार्टर का दरवाजा खुला हुआ है एवं स्कूटी दिखाई नहीं दे रही है। इस पर भावना तत्काल पेंड्रा आईं एवं उन्होंने पाया कि क्वार्टर का ताला टूटा हुआ था एवं अंदर रखे कीमती जेवरात, चांदी के बर्तन, 20 हजार नगद एवं पीली रंग की प्लेजर स्कूटी सीजी 31 ए 3025 गायब थी। मामले की शिकायत पेंड्रा थाने में की गई जिस पर धारा 457, 380 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसपी एसआर भगत ने तत्काल मामले पर संज्ञान लिया एवं अनुविभागीय पेंड्रा पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी का निर्देशित दिया। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस को 7 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि रोहित कोल नामक युवक एक पीली स्कूटी के साथ बचरवार रोड की ओर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पेंड्रा पुलिस एवं सायबर सेल की सयुंक्त टीम ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने 4 मई की रात अपने साथी संतोष चन्द्रा के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने पेंड्रा निवासी आरोपी रोहित कोल एवं कृष्णकुमार सैनी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के आभूषण, चांदी के बर्तन, 20 हजार नगद एवं स्कूटी को जब्त कर लिया।

डिजिटल स्मार्ट क्लासेस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

बिलासपुर। डिजिटल स्मार्ट क्लासेस चकरभाठा व परसदा कोचिंग सेंटर का 2025 का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा, जिसमें कोचिंग के संचालक राकेश के द्वारा लगातार प्रतिवर्ष बेहतर दिया जा रहा है। इस वर्ष कक्षा 10वीं की छात्रा नम्रता कौशिक ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम व श्रेया शर्मा 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व 87 प्रतिशत अंक के साथ सिद्धार्थ श्रीवास तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार वैष्णवी रजक 82 प्रतिशत, मुस्कान कौशिक 79 प्रतिशत, प्रंजलि श्रीवास 79 प्रतिशत खुशी कौशिक 77 प्रतिशत, चांदनी संपरे 76 प्रतिशत एवं सुरुचि कौशिक ने 70 प्रतिशत अंक हासिल किया। इस तरह से लगभग सभी विद्यार्थियों ने कोचिंग का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की सफलता में संस्था के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

सिरगिट्टी को नगर पालिका बनाने की मांग

बिलासपुर। बिलासपुर नगर निगम से पृथक कर सिरगिट्टी क्षेत्र को स्वतंत्र नगर पालिका बनाए जाने की मांग को लेकर नवयुवक संघर्ष समिति एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नगर पंचायत सिरगिट्टी को बिना आम जनों के मत के बिलासपुर नगर निगम से जोड़ा गया जिससे क्षेत्रीय विकास अवरुद्ध हो गया व जनता विभिन्न टैक्स के बोझ से परेशान होने से निगम आयुक्त के नाम सुशासन तिहार समाधान शिविर में अपर आयुक्त को जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज दुबे, दिनेश कौशिक, बलराम देवांगन, सुंदर सिंह, विजय सिंह मरावी, संजय सिंह, नवयुवक संघर्ष समिति से द्रोण सोनकलिहारी, सुनील सिंह,लक्की दुबे, पप्पू निर्मलकर, राकेश सिंह, सूर्यकांत मिश्रा, नानू यादव, सुरेंद्र नायक, दीपक विश्वकर्मा, आंनद श्रीवास, लव मानिकपूरी, विकास ध्रुव, हरीश यादव, ज्योत सिंह, अनिल कोरी, सन्नी कौशिक सम्मिलित रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज दुबे का कहना है कि पालिका की स्थिति में छोटा क्षेत्र होने से प्रशासनिक नियंत्रण स्थानीय जनता के हाथ मे होगा। छोटे क्षेत्र में समस्याओं पर तत्काल निर्णय और क्रियान्वयन संभव होगा,नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद और सहभागिता होगी। क्षेत्रीय विकास योजनाएं स्थानीय जरुरतों के आधार पर बनेगी नागरिकों की शिकायतों और सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही हो सकेगी। नवयुवक संघर्ष समिति के संयोजक द्रोण सोनकलिहारी ने निगम में जुड़ने से क्षेत्र को होने वाले नुकसान पर कहा कि बिलासपुर नगर निगम बड़े क्षेत्रों को कवर करने के कारण छोटे क्षेत्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। फैसले बड़े अधिकारियों द्वारा लिए जाते है,जिससे स्थानीय जरूरतें नजर अंदाज होती है। साफ सफाई, जल निकासी, सड़क निर्माण मरम्मत कार्य एवं क्षेत्र में नव जनसुविधाओं के विस्तार में बाधा, जनता के पहुंच से जोन कार्यालय की दूरी, सबसे अधिक परेशानी बजट तो शहर का बड़ा होता है लेकिन उसका बड़ा हिस्सा मुख्य शहर पर ही खर्च होता है, उपनगरों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिलती। क्षेत्र के आम जनता द्वारा विभिन्न कर माध्यमों से जो राशि क्षेत्र से जाती हैं उसका उचित लाभ क्षेत्र के आम जनों को ही नहीं मिलता।

■ नवयुवक संघर्ष समिति ने कहा- बने नगर पालिका

तहसील कार्यालय के गेट पर बेतरतीब पार्किंग से लोगों को परेशानी

सकरी। शासन ने जिन कंधो पर क्षेत्र का लॉ एंड ऑर्डर संभालने की जिम्मेदारी जिन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपी है, वे खुद अपना कार्यालय तक नहीं संभाल पा रहे हैं। इसका खामियाजा दूर गांव से पहुंचे बुजुर्ग पक्षकारो और कृषकों को उठाना पड़ रहा है।

मामला तहसील कार्यालय सकरी का है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटी गाड़ियों और बड़ी गाड़ियों में पक्षकार, अधिवक्ता, किसान अपने राजस्व संबंधी मामलों को लेकर पहुंचते हैं। कार्यालय के मुख्य गेट के सामने ही मोटर साइकल चालक अपनी गाड़ियों को बेतरतीब तरीके से खड़ी कर देते हैं, जिससे रास्ता पूरी तरह जाम हो जाता है और लोगो को तहसील कार्यालय के अंदर घुसने में काफी परेशानी होती है। खासकर दिव्यंगों के लिए बनाए गए रैंप के सामने भी गाड़ी खड़ी होने से दिव्यांगों एवं बुजुर्गों को तहसील कार्यालय में प्रवेश करने में पहाड़ चढ़ने जितनी कठिनाई होती है। ये अव्यवस्था कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों को शायद नहीं दिखती, इसीलिए अधिकारी व्यवस्था बनाने संजीदा दिखाई नहीं देते। जिसका खामियाजा बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में तहसीलदार आकाश गुप्ता ने कहा कि वे गाड़ियों को व्यवस्थित खड़ी कराने निर्देश देंगे।

भारत-पाक के बीच तनाव के मद्देनजर मरवाही थाने में बैठक

मरवाही। एसडीओपी दीपक मिश्रा एवं थाना प्रभारी शानिप रात्रे ने शुक्रवार को भारत-पाक युद्ध के मद्देनजर प्रबुद्ध नगरवासियों की एक सामान्य बैठक ली। एसडीओपी मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारा जिला और मरवाही थाना छेत्र भले ही संवेदनशील इलाका नहीं है, लेकिन हमें किसी आपात स्थिति के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि सभी को सामाजिक समरसता बनाकर चलना है एवं वाट्सप, इंस्टाग्राम, फेसबुक की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं आवश्यक जानकारी के लिए सरकारी न्यूज चैनलों पर ही विश्वास करने की बात कही। इसी प्रकार मॉक ड्रिल, ब्लैक आउट

आदि की भी जानकारी दी गई। बैठक में कैलाश सोनी, किशन सिंह ठाकुर, फरीद खान, शेख शमीम, अमित तिवारी, वीरेंद्र बघेल, नारायण श्रीवास, योगेश साहू सीएमओ मरवाही, ललित पवा, अमर हलवाई, राकेश मसीह अंकित राय आदि मौजूद रहे।

सहकारी बैंक के उपभोक्ताओं को जारी किया जा रहा एटीएम कार्ड

मस्तूरी। बैंक में उपभोक्ताओं की बढ़ते दबाव को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी बैंक से सम्बंधित उपभोक्ताओं को एटीएम कार्ड जारी किया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में उपभोक्ता राहत महसूस करेगें। गौरतलब हो कि ब्लॉक मुख्यालय में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत 8 धान खरीदी केंद्र एवं एक उप खरीदी केंद्र स्थापित है, जहां करीब 12 लाख किसान अपनी धान बेचकर इस बैंक में राशि आहरण करने आते हैं। साथ ही सामान्य उपभोक्ता भी इस बैंक में अपना लेन-देन करते हैं। ऐसे में यहां उपभोक्ताओं का इतनी अधिक भीड़

हो जाती है कि दूर-दराज से पहुंचे उपभोक्ताओं को राशि उपलब्ध कराने के लिए 3 से 4 काउंटर लगाने पड़ते हैं। परिस्थितियों को देखते हुए शाखा के ब्रांच मैनेजर ने सम्बंधित प्रशासनिक उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसे गंभीरता लिया गया और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी ने भुगतान पद्धति को सहज व सरल बनाने के उद्देश्य से अपने सभी उपभोक्ताओं को एटीएम कार्ड जारी करने का निर्णय लिया। ब्रांच मैनेजर सुशील पनोरे ने बताया कि शाखा से सम्बंधित सभी उपभोक्ताओं को एटीएम कार्ड देने के लिए बुलाया जा रहा है ताकि कोई भी उपभोक्ता इससे वंचित न रहे। अब उपभोक्ता अपनी राशि का किसी भी एटीएम से आहरण कर सकेंगे, जिससे उपभोक्ता भी राहत महसूस करेंगे।

आतिशबाजी कर मनाया गया वीरता का उत्सव

मुंगेली। भारत माता के वीर सपूतों ने एक बार फिर अपने अद्भुत साहस और पराक्रम से देश का मान बढ़ाया है। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमलों से ध्वस्त कर दिया।

देश की इस गौरवगाथा को सम्मान देने हेतु स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी ने महाराणा

प्रताप चौक में जबरदस्त आतिशबाजी कर वीरता का उत्सव मनाया। इस आयोजन में मुंगेली के वरिष्ठ नागरिकों समेत संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रभक्ति के भाव में एकजुट होकर वीर जवानों के साहस और बलिदान को नमन किया तथा भारत माता की जय के नारों से माहौल को गुंजायमान किया।

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पं. दीनदयाल नगर, देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित एम.आई. जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 379/ A आबंटी श्रीमती करूणामयी चन्द्रा पति स्व. श्री एन.एस. चन्द्रा के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.05.2009 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को अपनी पुत्र एवं पुत्रवधु श्री सोईलेन दास पिता स्व. श्री एन. एस. चन्द्रा एवं श्रीमती अंजु दास पति श्री सोईलेन दास को दान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-256 आबंटी श्रीमती निशा भारद्वाज पति श्री अम्बिका प्रसाद भारद्वाज के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2013 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 30.12.2019 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती प्रेमलता देवांगन पति श्री खेमचंद देवांगन के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एम.आई.जी. I-30 आवंटी श्री पी. काली प्रसाद पिता श्री पी. रामाराव के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय लेख दिनांक 31.08.2007 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 20.12.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अमर देवानी पिता स्व. श्री हीरा लाल देवानी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण /हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जायेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.

राजस्व मामले का नोटिस

क्रमांक/क/ना.तह./वाचक / 2025 बिलासपुर, दिनांक 07/07/2025

एतद द्वारा श्री संतोष कुमार सिंह पिता परसुराम सिंह निवासी रेल्वे कालोनी बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम महमंद प.ह.न. 44 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 210/7 रकबा 2250 एकड़ हेक्टेयर भूमि की के लिए श्री / श्रीमति मुरली साहू पिता पति समथलाल साहू निवासी मन्नाडोल तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 19/05/2025 के लिए नियत है। अत: आप दिनांक 19/05/2025 का सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./मा.क्र. 154/अ-6-अ/ 2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगतराम साव पिता दयानिधि साव निवासी रामा लाईफ सिटी सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम सकरी म.न. 2 स्थित भूमि ख.न. 513/87 रकबा 0.012 हे. भूमि आवेदक को क्रय के द्वारा प्राप्त हुआ है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में रकबा कम प्रदर्शित हो रहा है। आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर से जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 21.05.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 8.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल नगर देवरीखुर्द बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एच.आई.जी -156, आबंटी श्री आशीष जायसवाल पिता कृष्ण कुमार जायसवाल, के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30.03.2008 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री संतोष कुमार यादव पिता स्व.श्री हिराऊराम यादव, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल पं. दीनदयाल नगर, देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित एम.आई. जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-379/B आबंटी श्रीमती करूणामयी चन्द्रा पति स्व. श्री एन.एस. चन्द्रा के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.05.2010 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को अपनी पुत्री एवं दामाद श्रीमती सीमा पाल पति श्री सोमनाथ पाल को दान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

9-MAY--REGNOL---pg-5-COMMAN_Layout 1 5/10/2025 12:28 AM Page 1

खबर संक्षेप

राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप को किया याद

तखतपुर। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राजपूत क्षत्रीय समाज रहटादाह द्वारा मंगल भवन बरेला में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। महाराणा प्रताप मंगल भवन में राजपूत क्षत्रीय समाज रहटादाह के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। राजपूत समाज ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योध्या थे और वे अपने स्वाभिमान के साथ कभी समझौता नहीं किए, हम सभी को उनके त्याग और बलिदान से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर बोधन सिंह, अनिल सिंह, हूप सिंह, राम सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह,देव सिंह, केशव सिंह, अशोक सिहं, रामकिशोर सिंह, धनंजय सिंह, राजू सिंह, आशीष सिंह, दुष्यंत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

अग्रसेन महाविद्यालय में मना विश्व रेड क्रॉस दिवस

बिल्हा। मानवता, सेवा, करुणा और सहयोग जैसे मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 8 मई गुरूवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के इतिहास, उद्देश्यों एवं सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता रेडक्रास सोसायटी प्रभारी प्रो एसके अग्रवाल ने निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वेच्छा, एकता व सार्वभौमिकता जैसे सिद्धांतों की व्याख्या की। प्रोफेसर डॉ डी मिंज ने रेड क्रॉस इकाई के महत्व को रेखांकित किया। रूपेन्द्र साहू ने वार्षिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सदस्यता के लिए प्रेरित किया। यूथ रेड क्रॉस इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में प्रो प्रथा शर्मा, गेंदलाल बंजारे, आशीष जायसवाल एवं अन्य प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हिंदू राष्ट्र निर्माण मंच ने भारतीय सेना के साहस को सराहा

बोदरी। अखिल भारतीय हिंदू राष्ट्र निर्माण मंच ने बिलासपुर में आयोजित बौद्धिक यौगिक गोष्ठी में पहलगाम घटना का मुंहतोड़ जवाब देने पर भारतीय सेना के प्रति आभार व सम्मान प्रकट किया एवं बधाई दी। इस उपलक्ष्य में डॉ धर्मेंद्र पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदू राष्ट्र निर्माण मंच ने छत्तीसगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण पाल, सचिव गौ प्रकोष्ठ सतीश पाण्डेय, पं श्रवण दुबे समुद्रशास्त्री को पदोन्नत करते हुए राष्ट्रीय संस्कृति प्रकोष्ठ नियुक्त करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिवेश को देखते हुए हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कंचन देवी को पदोन्नत कर राष्ट्रीय सचिव की बड़ी जिम्मेदारी दी गई। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के साथ संपूर्ण भारत में अखिल भारतीय हिंदू राष्ट्र निर्माण मंच अपने संवैधानिक कार्यों के साथ समाज में बढ़ते हुए विधर्मियों व असामाजिक तत्वों के ऊपर संवैधानिक रूप से रोक लगाने का कार्य भी करेगी। साथ ही संस्था धर्म संस्कृति सनातन का दोहन रोकने का हर संभव प्रयास करेगी व हिंदू राष्ट्र निर्माण को लेकर अपनी आवाज प्रत्येक जिले प्रत्येक ग्राम प्रत्येक पंचायत स्तर तक आवाज उठाएगी। सभी हिंदू समाज को मजबूत करने हेतु भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए अखंड हिंदू राष्ट्र की आवाज को मजबूत करेगी।

29 मवेशियों सहित अंतर्राज्यीय गौ तस्कर गिरोगह के 8 सदस्य गिरफ्तार

लोरमी। क्षेत्र में अवैध रूप से गौ तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 29 मवेशियों को मुक्त कराया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि गौवंशों को हांकते-पीटते अवैध रूप से लोरमी से मध्यप्रदेश की ओर ले जाया जा रहा था, जिस पर पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत अपराध बंजीबद्ध किया गया। मामले पर आगे की कार्रवाई करत हुए आरोपी भरु काठले पिता कुंजराम काठले उम्र 50 माल, गणेश काठले पिता भोकलू काठले उम्र 20 साल, दर्शन अनंत पिता अंजोर दास उम्र 50 साल, दिलीप धृतलहरे पिता भुवन कुमार उम्र 26 साल निवासी ग्राम वेडापारा थाना लोरमी के कब्जे से 20 गोवंशों को बरामद किया गया। इसी तरह अन्य मामले में आरोपी शिवलाल गोड़ पिता धनुआ गोड़ उम्र 50 साल, चैतराम ध्रुवे पिता मुखराम ध्रुवे उम्र 25 साल, सुनील परमते पिता दाऊ परमते उम्र 26 साल, बुद्धू मरावी पिता रामयी उम्र 45 साल निवासी बितानपुर बहेरा टोला थाना मामनापुर जिला डिंडोरी मप्र के कब्जे से 9 गोवंशों को बरामद किया गया।

लिमतरी समाधान शिविर में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री

शिविर में लोगों की समस्याओं का हो रहा समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधानः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू आज सुशासन तिहार के अंतर्गत बिल्हा ब्लॉक के लिमतरी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए।

- हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर किया लाभान्वित

उन्होंने शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभागवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब को पक्का मकान, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सहायता और किसानों से धान खरीदी सहित सभी लोगों की बेहतरी सुनिश्चित करना है। शिविर में उन्होंने हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया। समाधान शिविर में विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत सदस्य गोविंद यादव, बिल्हा जनपद अध्यक्ष राम कुमार कौशिक, उपाध्यक्ष विक्रम ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरुवंशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण मौजूद थे। लगभग 4300 आवेदन मिले जिनमें से 4200 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। किसी को भी दफ्तरों के चक्कर लगाने की कतई जरूरत नहीं है। आप लोगों की समस्या को देखते हुए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू किए गए सुशासन तिहार की शुरूआत की गई है। चिलचिलाती धूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री, विधायक, अधिकारी शिविर में शामिल होकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गरीब और किसानों के दर्द को समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आवास योजना की शुरूआत कर हर गरीब के पक्के मकान के सपने को साकार किया है। यहां भी शिविर में लगभग 1500 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन, जल जीवन मिशन, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जा रहा है। इन योजनाओं से हम विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेंगे। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के जरिए लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। वे लगातार राज्य के लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। राज्य सरकार जनता की भलाई और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कमिश्नर श्री सुनील जैन ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए और योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि जिन्होंने पहले चरण में अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन नहीं दिया था वे अब भी आवेदन शिविर में दे सकते हैं। कार्यक्रम को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को स्प्रेयर, लपेटा पाईप, राशन कार्ड, मछली पालन के लिए महाजाल, जॉब कार्ड, वयवंदन योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

हितग्राही को आवास की चाबी सौंपते जनप्रतिनिधि।

वेद परसदा शिविर में 8274 आवेदनों का निराकरण

मस्तूरी ब्लॉक के वेद परसदा में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, जनपद अध्यक्ष सरस्वती देवी बिनझवार, उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल शामिल हुए। शिविर में कुल 8750 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई, जिनमें से 8274 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया। शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया।

शिविर में शामिल अफसर व नपा अध्यक्ष।

नपा में 6 हितग्राहियों को सौंपी गई आवास की चाबी

लोरमी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार 9 मई को नगर के हाईस्कूल ग्राउंड में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि शिविर में पीएम आवास योजना के तहत 6 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 4 महिलाओं को सुपोषण किट, 3 को नोनी सुरक्षा योजना प्रमाण पत्र, 6 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 5 कृषकों को केसीसी चेक, 7 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 3 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 3 आवेदकों को लर्निंग लाईसेंस, 5 आवेदकों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं शिक्षा विभाग अंतर्गत 2 बच्चों को श्रवण यंत्र देकर लाभान्वित किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गगन राजपूत, प्रभात ध्रुव और अनुराग लोनिया को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर आवेदनों के निराकरण के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान एसडीएम अजीत पुजारी, सीएमओ लालजी चंद्राकर, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अंजना दास, विनय साहू, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विश्वास दुबे, भाजपा अध्यक्ष सुशील यादव, राजेन्द्र साहू, रिक्की सलुजा, सोहन डड़सेना, आलोक शिवहरे, महेंद्र खन्त्री, नरेंद्र खत्री, शशांक वैष्णव, इंजीनियर मयंक साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

डिंडौरी में समाधान शिविर आज

लोरमी विखं के ग्राम डिंडौरी की शासकीय हाइस्कूल मैदान में शनिवार 10 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत झलरी, डिंडौरी, कठौतिया, नवागांव दयाली, डोंगरिया, घानाघाट, लाखासार, उरईकछार, मनकी, मोहनपुर, साल्हेघोरी, तिलकपुर, करूहानार चरनीटोला और हरदीबांध सहित 15 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है।

खम्हरिया में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन, शामिल हुए बांधी

खम्हरिया। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत मस्तूरी विखं के ग्राम पंचायत खम्हरिया में बुधवार 7 मई को आयोजित समाधान शिविर में अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में शामिल होकर अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। शिविर में लोगों को केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया।

पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार वंचितो और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरुक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों को किसान किताब का भी वितरण किया। उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। यहां प्राप्त कुल 4 हजार 5 सौ आवेदनों में से 4 हजार 1 सौ 2 आवेदनों का निराकरण हो गया है एवं 8 सौ 98 मामले लंबित हैं। शिविर में प्रमोद तिवारी सीएमएचओ बिलासपुर, जेआर भगत सीईओ मस्तूरी, चंद्रप्रकाश सूर्या जिपं सदस्य प्रतिनिधि, सरस्वती परमेश्वर सोनवानी अध्यक्ष जनपद मस्तूरी, गोपाल सतपथी थाना प्रभारी सीपत, डीके कुर्रे नायाब तहसीलदार सीपत, सरपंच संघ अध्यक्ष श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर, आरके केला एसडीओ पीडब्ल्यूडी, अनुराग सोनी विद्युत विभाग सीपत, अभिलेष यादव महामंत्री सीपत भाजपा मंडल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निराकरण

लोरमी। ग्राम राम्हेपुर एन में आयोजित समाधान शिविर में नक्शा बंटवारा, त्रुटि सुधार, एवं भूमि चिन्हांकन जैसे प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदकों को राहत दी गई। राजस्व निरीक्षक गीता देवांगन ने बताया कि आवेदक कृष्ण कुमार प्रजापति ने कुंभकार समाज के लिए भूमि की मांग की थी, जिसे चिन्हित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई है। जीवनलाल साहू ने खेल मैदान हेतु भूमि की मांग की थीस जिस पर शीघ्र कार्रवाई करते चिन्हांकन कर दिया गया है। पटवारी खलेश चंद्र ने बताया कि लीलापुर हल्का में लालजी और मोहर राम को खसरा बंटवारा प्रकरणों का निराकरण कर संबंधित दस्तावेज सौंपे गए हैं। इसी तरह अन्य पटवारियों ने भी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी दी।

कोडगार में समाधान शिविर विधायक हुए शामिल

पेंड्रा। सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत शुक्रवार को पेंड्रा के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत कोडगार में समाधान शिविर आयोजित किया गया।

- विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

इस कलस्टर पंचायत में 14 ग्राम पंचायत-कोडगार, बम्हनी, घाटबहरा, जिल्दा, खरडी, घघरा, मुरमुर, पीथमपुर, बसंतपुर, लाटा, जाटा देवरी, आमाडांड़, सोन बचरवार एवं जमड़ीखुर्द के ग्रामीणों से प्राप्त 4 हजार 3 सौ 83 आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में उपस्थित मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने कहा कि सुशासन तिहार और समाधान शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चिलचिलाती धूप और गर्मी में सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, इसका लाभ जनता को मिलना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने बताया कि प्राप्त 4 हजार 3 सौ 83 आवेदनों में से 7 सौ 27, शौचालय के लिए प्राप्त 1 हजैर 2 सौ 58 आवेदनों में से 7 सौ 42, पेंशन के लिए प्राप्त 78 आवेदनों में से 64 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

जिले के विकास के लिए संयुक्त प्रयास की जरूरतः मरपच्ची

शिविर में दी गई आवेदनों के निराकरण की जानकारी

मुंगेली। सुशासन तिहार अंतर्गत मुंगेली ब्लॉक के ग्राम भालापुर के स्कूल परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वयं का शुगर जांच कराई। इसके साथ ही महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में महिलाओं को सुपोषण किट प्रदान किया।

विधायक श्री मोहले ने कहा कि समाधान शिविर में सभी की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आम लोगों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले, यही सुशासन का उद्देश्य है। विधायक ने आमलोगों को शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। शिविर में 10 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत बॉन्ड पेपर, 35 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, 10 कृषकों को स्प्रेयर पम्प, 5 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड व 4 को वय वंदना कार्ड, 11 आवेदकों को खसरा बी-वन व किसान किताब, नक्शा एवं ऋण पुस्तिका,

हितग्राहियों को चेक प्रदान करते विधायक एवं अधिकारी।

1 हितग्राही को आईस बॉक्स, 178 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति आदेश, एनआरएलएम योजनांतर्गत 4 स्वसहायता समूहों को चक्रीय निधि डेमो चेक, 15 कृषकों को केसीसी योजनांतर्गत 8 लाख 10 हजार रूपए का ऋण, 26 पशुपालकों को बकरी व पशु शेड निर्माण का स्वीकृति प्रमाण पत्र, 7 लोगों को मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड, 5 हितग्राहियों को पीएम आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं 05 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, 20 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 14 दिव्यांगों को व्हील चेयर, एक्युप्रेशर किट, श्रवण यंत्र, एजुकेशन किट प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शिविर में आयुष विभाग ने 126 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि भालापुर क्लस्टर अंतर्गत करूपान, संबलपुर, चकरभाठा, झलियापुर, नारायणपुर, मुड़पार, टेढ़ाधौंरा, भालापुर, लछनपुर अ, टेमरी, डोड़ा, जल्ली, सिंगबांधा, कोहडिया, भीमपुरी और पौनी सहित 16 ग्राम पंचायतों से कुल 4 हजार 2 सौ 52 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें से 4 हजार 2 सौ 18 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

बेलपान में आयोजित समाधान शिविर, 6561 आवेदनों का निराकरण

तखतपुर। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार न सिर्फ विकास कार्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को आगे ले जाना चाहती है। साथ ही भाजपा विकास कार्यों के साथ जमीनी तौर पर छत्तीसगढ़ वासियों की हर सुख सुविधाओं, परेशानी, जरूरतों, आवश्यकताओं की भी पूर्ति करके सही मायनो में छत्तीसगढ़ को हर स्तर पर हर क्षेत्र में परिपूर्ण राज्य के रूप में स्थापित करने की सोच सरकार रखती है।

- आवेदनों की कमी हो जाए यही सरकार का लक्ष्य : कौशिक

यह बातें विधायक धर्मजीत सिंह ने ग्राम पंचायत बेलपान में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। विधायक धर्मजीत सिंह ने अधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि आप लोग ऐसा कोई कार्य न करें जिससे जनता को तकलीफ हो। इनकी सुरक्षा सुविधा के लिए हम सब उत्तरदायी हैं। संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि बेलपान से लेकर दिल्ली तक भाजपा कासरकार का जाल बिछा हुआ है। इस तरह से भाजपा की सरकार ने भी गांव-गांव में सड़कों का ऐसा जाल बिछा दिया है कि अब रास्ता भटकने पर भी रिवर्स गियर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। किसी न किसी मोड़ से हमें अपनी मंजिल की राह मिल जाती है। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए जब हमें आवेदन मिलना बंद हो जाएगा तब हमें लगेगा कि हमने एक अच्छी सरकार बनाई है, यही इस सरकार का लक्ष्य है। शिविर में कुल ग्राम 17 पंचायत से प्रप्त में 6 हजार 5 सौ न61 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 30 विभागों की स्टॉल लगाई गई एवं शिविर में 6 हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई। 46 हितग्राहियों की पेंशन, 16 राशनकार्ड, 10 को जॉब कार्ड, 4 समूह को 13.50 लाख का बैंक लोन, 5 हितग्राहियों को लपेटा पाइप एवं 50 हितग्राहियों को ड्राइविंग लाइसेंस को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ ज्योति पटल अपर कलेक्टर, शिव कुमार कंवर एसडीएम, सत्यव्रत तिवारी सीईओ, संतोष कौशिक गुरुजी, डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार जनपद अध्यक्ष, राकेश तिवारी उपाध्यक्ष, संतोष कश्यप जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, अम्बिका विनोद साहू जिपं सदस्य, जनपद सदस्य दुर्गा राजू सिंह आदि मौजूद थे।

पुलिस के कार्यों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आईजी

राजपत्रित अधिकारियों समेत थाना-चौकी प्रभारियों की ली बैठक

गौरेला। बिलासपुर रेंज आईजी डॉ संजीव शुक्ला जीपीएम के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान एसपी कार्यालय गौरेला में परंपरागत सलामी गार्ड का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने जिले में अपराध, यातायात, पुलिस कल्याण, अनुशासन समेत कुल 32 बिंदुओं पर समीक्षा कर दिशा न

र्देश दिए। उन्होंने नवपदस्थ एसपी सुरजन राम भगत को राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की पुलिसिंग से अपेक्षा से अवगत कराया तथा विभिन्न पैरामीटर्स पर पुलिस की कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले के राजपत्रित अधिकारियों और थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली एवं नियमित परेड के जरिए अनुशासन बनाने, नवीन कानूनों के कैप्सूल कोर्सेज के प्रशिक्षण, नवीन कानूनों के सख्त क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने अपराधों को अनावश्यक लंबित रखने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अपराध दर्ज होने के 60 एवं 90 दिवस में निराकरण पर फोकस करने एवं ई-साक्ष्य, ऑनलाइन पेशी इत्यादि नवीन कानून के तहत डिजिटलीकरण से जुड़े एप्लीकेशन के इस्तेमाल पर बल दिया तथा बेसिक पुलिसिंग के तहत विवेचकों के साप्ताहिक डायरी के सुपरविजन, बीट प्रणाली का विस्तार और विकेंद्रीकरण करते हुए प्रत्येक पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी तय करने निर्देशित किया। आईजी ने साइबर सेल तथा जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ईकाई को भी बेहतर काम करने उनकी समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान वे एसपी कार्यालय पहुंचे एवं फरियादियों और शिकायतकर्ताओं से भी मुलाकात की तथा जिला पुलिस को तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आईजी डॉ संजीव शुक्ला के साथ एसपी सुरजन राम भगत, एडिशनल एसपी ओम चंदेल, डीएसपी दीपक मिश्रा, डीएसपी निकिता तिवारी मिश्रा, डीएसपी श्याम सिदार और रक्षित निरीक्षक भूपेंद्र कुर्रे समेत सभी थाना और चौकी-प्रभारी उपस्थित रहे।

अंडर 13 शतरंज स्पर्धा बालक वर्ग में अर्शान विजेता, अभिज्ञान उपविजेता

अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

लोरमी। जिला शतरंज संघ के तत्वधान में एक दिवसीय बालक बालिका मिनी वर्ग अंडर13 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को विकासखंड खेल केंद्र नगर में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में जिले से कुल 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पर्धा 6 चक्रो में आयोजित की गई जिसमें अंडर 7 बालाक वर्ग में प्रथम स्थान पर जे अचिंत्य राव, अंडर 9 बालक में प्रथम निर्भय सिंह राजपूत, दूसरा स्थान अद्वित उपाध्याय व तीसरे स्थान पर रुद्राक्ष शर्मा एवं चौथे स्थान पर राघव रहे। अंडर 11 में प्रथम गीतांश साहू, द्वितीय शौर्य सिंन्द्राम, तृतीय लोकेश सिंह राजपूत ने प्राप्त किया। अंडर 13 बालक वर्ग में प्रथम स्थान अर्शान मोहम्मद इब्राहिम, द्वितीय स्थान अभिज्ञान पांडे, तृतीय स्थान आशुतोष जायसवाल ने प्राप्त किया।

9 MAY- BSP-PG-6_Layout 1 5/10/2025 12:29 AM Page 1

खबर संक्षेप

आज सराफा एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक जगदलपुर में 10 मई को आयोजित की गई है। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक बस्तर संभाग के जगलदलपुर सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में शगुन फार्म हाउस रिपोर्ट में सुबह 11.30 बजे आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के सभी एसोसिएशन के कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों के अतिरिक्त एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है। बैठक में आगे की रुपरेखा व संविधान संबंधी तथा कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने प्रदेश के सभी आमंत्रित सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

विश्व गौरेया दिवस मनाएगा दाउदी बोहरा समाज आज

बिलासपुर। दाउदी बोहरा समाज 10 मई को विश्व गौरेया दिवस मनाएगा। जमात के सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम मोहम्मदी हाल बोहरा मस्जिद खपरगंज में शाम 4 बजे से होगा। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष छग के डिप्टी सीएम अरुण साव करेंगे। इसके विशिष्ट अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह ठाकुर, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, छग आवास संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, पार्षद शहजादी कुरैशी होंगी।

नशे में चला रहा था बाइक, 20 हजार जुर्माना

बिलासपुर। नशे में बाइक चला रहे युवक को यातायात पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने युवक को 20 हजार रुपये जुर्माना पटाने का आदेश दिया है। एएसपी रामगोपाल करियारे ने बताया कि यातायात पुलिस की ओर से अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर जांच की जा रही है। इसी कड़ी में एएसआइ धनेश साहू तोरवा छठघाट पुल के पास जवानों के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। जवानों ने सीपत क्षेत्र के खैरा-डंगनिया निवासी विनीत कुमार वस्त्रकार को रोककर दस्तावेज मांगे। उसने दस्तावेज होने से इंकार किया। इस दौरान पुलिस को शंका हुई कि युवक शराब के नशे में है। उसकी बाइक में नंबर भी नहीं है। उसे यातायात थाने लाकर मामले को न्यायालय में पेश किया गया।

खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

अवैध भंडारण कर रखी गई 475 ट्रैक्टर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोदरी तहसील के पिरैया व नगाड़ाडीह में अलग-अलग सत्रह स्थानों में विक्रय के लिए अवैध तरीके से रखी गई 475 ट्रैक्टर रेत जब्त कर ली गई। शिकायत के आधार पर राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा गुरूवार को संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की गई।

राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बोदरी तहसील के दो गांवों में छापामार कार्रवाई कर अवैध रेत जब्त की है। इस दौरान पिरैया गांव में सत्रह स्थानों पर रेत डंप कर रखी गई थी। तहसीलदार बोदरी संदीप साय ने बताया कि रेत को ऐसी जगह डंप करके रखा गया जो सड़क से दिखाई ही नहीं पड़ती है। शिकायत तो जरूर हुई थी, लेकिन भंडारण का स्थान नहीं बताने के कारण टीम को भंडारण स्थल खोजना पड़ा, लेकिन अंततः सफलता मिल गई। पिरैया गांव से 435 ट्रैक्टर रेत जब्त की गई, लेकिन हैरत की बात यह है कि छापामार टीम को इस बात का पता नहीं चल सका कि उक्त अवैध भंडारण किसका है। टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध प्रकरण बनाकर जब्त रेत सरपंच के सुपुर्द किया गया है। दूसरे मामले में ग्राम नगाड़ाडीह में रामलाल रात्रे नामक व्यक्ति द्वारा 40 ट्रैक्टर रेत भंडारण किया गया था, जिसे जब्त कर उपसरपंच के सुपुर्द किया गया है।

बोदरी तहसील के पिरैया व नगाड़ाडीह में अलग-अलग जगह पर डम्प की गई रेत।

मौके पर निरीक्षण करने पहुंची राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम।

जिले में लाईसेंसी भंडारण सिर्फ जोंधरा में: खनिज अधिकारी रमाकांत सोनी ने बताया कि जिले में रेत के भंडारण के लिए सिर्फ एक ही लाईसेंस जारी किया गया है। उक्त लाईसेंसी भंडारण जोंधरा में है। इसके अलावा जितने भी स्थानों पर रेत डंप है, वह अवैध है, जहां से रेत चोरी-छिपे बेची जा रही है। समय-समय पर विभाग द्वारा शिकायतों के आधार पर छापामार कार्यवाही की जाती है, वहीं शहर में ही छोटे-छोटे ऐसे अनेक अवैध रेत भंडारण स्थल हैं, जहां से रेत बेची जाती है, लेकिन शिकायत नहीं मिल पाने व छोटे स्तर पर रेत डंप होने की स्थिति में वे कार्रवाई से बच जाते हैं।

बारिश के चार महीनों में मुंहमांगी कीमतों में सप्लाई

फरवरी माह के बाद नदियों में पानी कम होते ही रेत का अवैध भंडारण करने वाले मई तक विभिन्न स्थानों में रेत का भंडरण करते हैं। इधर जुलाई महीने से नदियों में पानी आ जाने के बाद निर्माणाधीन कार्यों के लिए रेत उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे रेत की शार्टेज हो जाने के कारण भवन मालिकों को अवैध भंडारण से मुंहमांगी कीमतें वसूल कर रेत उपलब्ध कराई जाती है। हालत यहां तक है कि सामान्य दिनों में 18 सौ रूपए प्रति ट्रैक्टर की दर पर आसानी से मिल जाने वाली रेत बारिश के दिनों में 35 सौ से 4 हजार रूपए तक में बेची जाती है।

मौत बनकर दौड़ रहे रेत से भरे भारी वाहन

शहर में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर है। घाटों से बड़ी संख्या में ओवरलोड रेत से भरे वाहन निकल रहे हैं। वाहन के ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए कई बार दुर्घटना कर चुके हैं। वहीं रात में इन वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। इसके बाद भी इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। रेत माफिया बेखौफ होकर रेत की हेराफेरी कर रहे हैं। रेत के अवैध उत्खनन ने शहरवासियों का जीना दूभर कर दिया है। सुबह से लेकर शाम तक भारी वाहनों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ज्यादातर ड्राइवर ओवरलोड रेत से भरे वाहन चलाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं रात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक रात में गाड़ी चलाने से कतराने लगे हैं। मालूम हो कि ज्यादातर ड्राइवर ओवरलोड गाड़ियां चलाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही है। इनमें से कुछ ड्राइवर ऐसे है जिनके पास लाइसेंस भी नहीं है। इसके बाद भी वे बेखौफ होकर गाड़ी चला रहे हैं। दूसरी तरफ पुलिस और खनिज विभाग मौन धारण किए हुए हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी इन रेत माफियों पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं।

सड़क व फुटपाथ पर अब ठेला लगाया तो होगी जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क, फुटपाथ और नाला के ऊपर ठेला लगाकर यातायात बाधित करने वाले ठेले अब जब्त होंगे। जिसे वापस नहीं किया जाएगा और अलग से जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह चेतावनी ठेला मालिकों के साथ बैठक में निगम प्रशासन शुक्रवार को दिया। विकास भवन में निगम कमिश्नर अमित कुमार की अध्यक्षता में पहली बार शहर के ठेला मालिक जो अपना ठेला किराए पर देते हैं,उनके साथ बैठक आयोजित की गई।

- 18 मई तक दी गई मोहलत, 19 से सख्त कार्रवाई होगी शुरू

निगम कमिश्नर ने सभी ठेला मालिकों से यातायात के निर्बाध संचालन और अतिक्रमण मुक्त मार्ग बनाने में सहयोग करने की बात कही। इस पर ठेला व्यावसायियों ने 10 दिन का समय मांगा। ठेला व्यावसायियों की मांग पर 18 मई तक समय प्रदान करते हुए निर्देश दिया की 18 मई के बाद कोई भी ठेला सड़क, फुटपाथ नाला के ऊपर या ऐसे किसी भी स्थान पर लगेगा जहां अवरोध उत्पन्न होगा तो ठेला जब्त कर लिया जाएगा।

शहर में डेढ़ दर्जन से अधिक ठेला व्यावसायी

ज्ञात हो कि शहर में डेढ़ दर्जन से अधिक ऐसे ठेला व्यावसायी हैं जो बड़ी संख्या में ठेला किराए पर देते हैं। इन ठेला मालिकों द्वारा ठेला किराए पर देने के बाद उसका उपयोग कहां और कैसे किया जा रहा है, इसकी कोई जानकारी भी नहीं लेते और ना ही जिम्मेदारी ली जाती है। नतीजतन ठेला किराया पर ले जाने वाले सड़क और फूटपाथ पर अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से ठेला लगा देते हैं। जिससे अवरोध उत्पन्न होता है। निगम द्वारा लगातार इस पर कार्रवाई भी की जाती है। इस बार निगम प्रशासन ने किराए पर देने वाले सीधे ठेला मालिकों को बुलाकर इस संबंध में चर्चा की और जिम्मेदार तय करते हुए कहा की किराए पर देने से पहले उसकी विस्तृत जानकारी लें और सड़क, फूटपाथ या नाले के ऊपर लगने ना दें। 19 मई से ऐसे ठेलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज की बैठक में उपायुक्त सती कुमार यादव बाजार शाखा के अनिल सिंह, ठेला व्यावसायी दीपक सिंह, गोपाल जाना, कमलदास, नन्दकुमार कश्यप, नन्द ठेला, रामनारायण देवांगन, अमन रिक्शा एवं हाथ ठेला, दुर्गा गैरेज, सतीश तालापारा, सुग्रीव राम यादव, जयचंद गुप्ता,आदित्य चन्द्रवंशी, रामकुमार हर्षवानी, जगमल चौक, शिवकुमार यादव, किशोर सिंह वानी, गगनदीप रिक्शा, अहमद अली, कुंदनलाल अहिरवार, क्लीफ्टन थॉम, राजेन्द्र प्रसाद बर्मन उपस्थित थे।

बैठक में अफसरों से चर्चा करते कलेक्टर संजय अग्रवाल।

शिकायत पर दो आवास मित्र बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने एवं आवास पंजीयन, जियो टेग व सर्वे कार्य के एवज में हितग्राहियों से राशि की मांग करने के कारण दो आवास मित्रों को बर्खास्त कर दिया गया। आवास मित्रों

- धूमा के शिविर में की गई थी आर्थिक अनियमितता की शिकायत

के संबंध में सुशासन तिहार अंतर्गत धुमा में आयोजित शिविर में शिकायत की गई थी।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोटा ब्लाक के ग्राम पंचायत तेंदुआ में पदस्थ आवास मित्र आशीष कुमार के संबंध में ग्राम धुमा में आयोजित शिविर में हितग्राहियों द्वारा कार्य में लापरवाही के संबंध में शिकायत की गई थी। इस दौरान एक हितग्राही ने शिकायत की थी कि आवास मित्र द्वारा पूर्व प्रप्रोज्ड साइट का जियो टैग नहीं करने के कारण उनके आवास की स्वीकृति नहीं मिल सकी।

इसी तरह ग्राम पंचायत लिटिया की आवास मित्र खुशबू गंधर्व के संबंध में हितग्राहियों द्वारा शिकायत की गई कि आवास पंजीयन, जियो टैग, सर्वे एवं योजना से संबंधित कार्यों के एवज में इनके द्वारा राशि की मांग की जाती है। दोनों ही शिकायतों की जांच कराई गई थी, जिसमें दोषी पाए जाने की स्थिति में आवास मित्र आशीष कुमार व खुशबू गंधर्व को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी जनपद सीईओ को भी आवास योजना में किसी भी तरह की लापरवाही रोकने सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए। आज की स्थिति में जिले में 55 हजार 859 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, वहीं भविष्य के लिए 2 लाख 2 हजार 879 परिवारों का सर्वे भी किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री पहले ही दे चुके हैं चेतावनी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहले ही सभी कलेक्टरों को दो टूक चेतावनी दे रखी है। प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की प्राथमिताओं वाली योजना है, जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आवास के एवज में किसी भी तरह का लेनदेन करते पाए जाने की स्थिति में सीधे जिला कलेक्टर पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।

की गई है कार्रवाई

दो आवास मित्रों की शिकायत और जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया है। पूरे जिले के अमले को चेतावनी भी दी गई है कि आवास योजना में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

-संदीप कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत

चाकू लहराते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर। मधुबन रोड दयालबंद में आने जाने वालों को चाकू दिखाकर धमकाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गुरूवार की शाम रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पीछे मधुबन रोड पर आरोपी राजा उर्फ अप्पू गोंड़ पिता श्यामू गोड उम्र 28 साल द्वारा धारदार चाकू लेकर आसपास के लोगों को धमका रहा था, मुखबिर की सूचना में पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान आरोपी को धरदबोचा गया। उसके कब्जे से स्टील का धारदार नुकीला लंबा चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय, एसआई सीता साहू, आरक्षक नुरुल कादीर, गोकुल जांगडे का विशेष योगदान रहा है।

नशेड़ियों ने बाइक सवार अधेड़ को मारी टक्कर

बिलासपुर। सड़क पर बाइक से फर्राटा भर रहे नशेड़ियों ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान डिवाइडर पर सिर लगने के कारण अधेड़ बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने अधेड़ को सिम्स में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मामले के अनुसार रमतला निवासी 52 वर्षीय जेठू राम चौहान बाइक से किसी काम के सिलसिले में घर से बिलासपुर आ रहे थे, शुक्रवार की सुबह रतनपुर की ओर से आ रहे तीन बाइक सवार ने सड़क पर बाइक सवार अधेड़ को ठोकर मार दी। इस दौरान आरोपी बाइक सवार तीनों लड़के नशे की हालत में थे। बाइक से जोरदार टक्कर मारने के कारण अधेड़ जेठू का सिर डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उनके नाक, सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के लोगों ने 112 को कॉल कर उन्हें सिम्स भेजवा दिया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है इस मामले में तीनों बाइक सवार को भी सिम्स में भर्ती किया गया है। बाइक सवार आकाश धीवर पिता लक्ष्मी धीवर उम्र 22 वर्ष, माया कश्यप पिता दिलहरण करश्य 22 वर्ष, रोहन सोनी पिता दिलहरण सोनी 19 वर्ष को सिम्स में भर्ती किया गया है।

फीस के लिए क्लास में जलील करना, वाट्सएप ग्रुप से बाहर करना, स्कूल वालों को पड़ेगा महंगा

बिलासपुर। प्रदेश की निजी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न कारणों से समय-समय पर प्रताड़ित किए जाने की खबरों को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गंभीरता से लिया है।

उन्होंने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और डीईओ को पत्र लिखकर बाल अधिकार आयोग अधिनियम 2005 की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए इनका पालन कराने की सिफारिश की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस सिलसिले में जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को पत्र जारी कर इनका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें साफ किया गया है कि किसी भी स्टूडेंट को फीस के लिए क्लास में जलील नहीं किया जाएगा और ना ही वाटसएप ग्रुप से बाहर किया जाएगा। डीईओ अनिल तिवारी ने बताया कि आयोग के संज्ञान में दूरभाष पर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा तथ्य लगाया गया है कि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को किसी कारण से स्कूलों द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर करने सहित अन्य प्रकार के प्रकरण सामने आए हैं जिसको आयोग ने संज्ञान में लिया है। डीईओ ने जिले के सभी निजी स्कूलों को आदेशित किया है कि वे बच्चों के अभिभावकों द्वारा फीस नहीं पटाने या उनके माता-पिता से विवाद न करें।

- आयोग ने स्कूलों में बच्चों की प्रताड़ना रोकने दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर,
13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411